कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 365, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 31 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### 'मोदी-शाह कश्मीर का दर्द महसूस नहीं कर सकते'

## देश की शक्ति कश्मीर के लोगों के साथ: राहुल गांधी

### कश्मीरियों और फौजियों की तरह मैंने अपनों को खोने का दर्द सहा, मोदी-शाह यह दर्द नहीं समझते

**श्रीनगर:** भारी बर्फबारी के बीच श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में राहुल गांधी के संबोधन के साथ कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा समाप्त हो गई। भारी बर्फबारी के बीच कांग्रेस नेता ने अपने संबोधन में कहा कि देश की शक्ति कश्मीर के लोगों के साथ है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने मुझे दिल खोलकर प्यार किया और मुझे बहुत खुशी हुई कि उन्होंने मुझे अपना माना और बुजुर्गों-बच्चों ने आंसुओं से मेरा स्वागत किया। राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। अपनी यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक दिन मुझे बहुत दर्द हो रहा था। मैंने सोचा कि मुझे 6-7 घंटे और चलना होगा और यह मुश्किल होगा। उसी समय एक युवती दौड़ती हुई मेरे पास आई और बोली कि उसने मेरे लिए कुछ लिखा है। उसने लिखा था कि मैं आपके साथ नहीं चल सकती लेकिन मैं दिल से आपके साथ चल रही हूं क्योंकि मुझे पता है कि आप चल रहे हैं मेरे और मेरे भविष्य के लिए। ठीक उसी क्षण मेरा दर्द गायब हो गया।

इस अवसर पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि इस यात्रा से राहुल ने देश के लोगों का दर्द समझा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरा भाई कन्याकुमारी से 4-5 महीने पैदल चला और वे जहां भी जाते, लोगों से उन्हें काफी प्यार मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इस देश में अभी भी देश के लिए, इसकी विविधता के लिए एक जुनून है जो सभी भारतीयों के दिलों में बसता है। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती राहुल की इस यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने बर्फबारी के बीच लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी की खूब प्रशंसा की और कहा कि राहुल गांधी में देश आशा की किरण देख रहा है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा आज जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त हो गई। इस यात्रा के समापन पर कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं को बुलाया गया था, जिसमें से कई दलों ने यात्रा से दूरी बनाने का फैसला किया।






### पूरे देश में चले हम लोग

**राहुल** ने कहा कि मुझे थोड़ा अहंकार था, उतर गया: मैं कन्याकुमारी से चला था। पूरे देश में चले हम लोग। सच बताऊं कि मुझे लगा कन्याकुमारी से कश्मीर चलने में मुश्किल नहीं होगी। फिजकली ये काम मुश्किल नहीं होगा। ये मैंने सोचा था। शायद मैं काफी वर्जिश करता हूं, थोड़ा सा अहंकार आ गया, जैसे आ जाता है। मगर फिर बात बदल गई। 5-7 दिन चलने के बाद जबरदस्त प्रॉब्लम हुई थी। थोड़ा अहंकार उतर गया, मैं सोचने लगा कि जो 3500 किलोमीटर हैं, उन्हें चल पाऊंगा कि नहीं। मुझे जो आसान काम लगा, वो काफी मुश्किल हो गया। किसी न किसी तरह से मैंने ये काम पूरा कर लिया। एक व्यक्ति ने कहा- ये बच्चे गंदे हैं, मैंने कहा- हमसे ज्यादा साफ हैं: 'यात्रा मैं चल रहा था, 4 बच्चे आए। ये भीख मांगते थे, उनके पास कपड़े नहीं थे। मजदूरी करते थे तो मिट्टी थी। मैं उनके गले लगा, घुटनों पर जाकर पकड़ा। मेरे साथ चल रहे एक व्यक्ति ने बोला कि ये बच्चे गंदे हैं, इनके पास नहीं जाना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि बच्चे आपसे और मुझसे ज्यादा साफ हैं।

इस टी-शर्ट का रंग, लाल कर दो: राहुल ने कहा कि मैं जम्मू से कश्मीर जा रहा था तब मेरी सुरक्षा की बात हो रही थी। मुझसे कहा गया कि पैदल चलने पर आप पर ग्रेनेड फेंका जाएगा। मैंने कहा 4 दिन चलूंगा, बदल दो इस टी-शर्ट का रंग, लाल कर दो। देखी जाएगी। मगर जो मैंने सोचा था, वही हुआ। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने मुझे हैंड ग्रेनेड नहीं दिया, अपने दिल खोलकर प्यार दिया। गले लगे। मुझे खुशी हुई कि उन सबने मुझे अपना माना। प्यार से बच्चों ने, बुजुर्गों ने आंसुओं से मेरा यहां स्वागत किया।

## मर जाना कबूल, बीजेपी में नहीं जाएंगे: नीतीश

### बीजेपी ने पूछा- पहले भी तो कहा था मिट्टी में मिल जाएंगे...फिर गठबंधन क्यों किया

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी में जाने के सवाल पर कहा है कि वो मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। उट ने कहा कि मेरे साथ सरकार में रहते हुए लालू यादव और तेजस्वी को बीजेपी ने फंसाने का काम किया है। अब हमारे साथ तेजस्वी हैं, इन्हें दूर करने के लिए फिर से बीजेपी फंसाने का काम कर रही है। बीजेपी अब पुरानी बीजेपी नहीं रही। जो बीजेपी के नेता है, वह एक नई बीजेपी बना चुके हैं। पुराने नेताओं से पूछेंगे तो वो भी यही कहेंगे।

**पहले भी तो कहा था फिर साथ क्यों आए:** बीजेपी बीजेपी नेता और बिहार विधान परिषद के प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि आप तो कहते थे मिट्टी में मिल जाएंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। फिर भी आपने भाजपा के साथ गठबंधन किया। नीतीश कुमार भाजपा ने पिता के समान आपको कंधे पर बैठाकर मुख्यमंत्री बनाया। अभी आप जिसके कंधे पर हैं, उसको भी भाजपा ने ही बनाया।



### संसद की कैंटीन में मिलेगी रागी की पूरी, ज्वार उपमा

**नई दिल्ली:** संसद में अब रागी की पूरी, बाजरे की खिचड़ी, ज्वार का उपमा, रागी के लड्डू और बाजरे का चूरमा भी मिलेगा। इंटरनेशनल मिलेट ईयर के तहत ये सभी नए फूड ट्रेडीशनल बिरयानी और कटलेट्स के साथ संसद की सभी कैंटीनों में मंगलवार से मिलने लगेंगे।

मेन्यू आईटीडीसी के मोंटू सैनी ने तैयार किया है। मोंटू राष्ट्रपति भवन में साढ़े पांच साल तक एग्जीक्यूटिव शेफ थे। जबकि आईटीडीसी 2020 से संसद की कैंटीन चला रहा है।

## कभी सफल नहीं होगी अवैध धर्मांतरण की मंशा : योगी



**जलगांव/लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र के जलगांव जिले में आयोजित अखिल भारतीय हिंदू गोर, बंजारा एवं लबाना समुदाय के छह दिवसीय कुंभ के सोमवार को समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को सनातन धर्म पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। सबसे प्राचीन यह धर्म, दुनिया में मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। सनातन धर्म के साथ छेड़छाड़ करने का मतलब मानवता के साथ खिलवाड़ करना है। जो लोग अवैध धर्मांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित मंशा के साथ भारत के अंदर कार्य करना चाहते हैं, उनकी मंशा कभी सफल नहीं होने वाली। देश अब जाग चुका है। मुख्यमंत्री ने कुंभ में आए करीब 50 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो सभी प्रकार की कामनाओं और सिद्धियों की पूर्ति कर दे, वही कुंभ का भाव है। बंजारा कुंभ ने यह साबित कर दिया है कि वह भारत माता की रक्षा करने, उसके पूज्य संतों, ऋषियों, महापुरुषों और क्रांतिवीरों के संकल्प को अब धर्मजागरण के माध्यम से सिद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचाने का कार्य करेगा। हम सभी को सनातन धर्म पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने विश्व को मानवता की राह दिखाने वाले भारत में जन्म लिया है। इसके अलावा दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म जो दुनिया में मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है, उसमें जन्म लेने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है।

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता की मांग पर 13 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर 13 मार्च को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट में समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं में से एक याचिकाकर्ता अभिजीत अय्यर मित्रा की याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया।

6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न हाई कोर्ट में लंबित याचिकाओं को सुनवाई के लिए अपने पास ट्रांसफर कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट अब सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा। कोर्ट ने केन्द्र सरकार को 15 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। दरअसल, एक समलैंगिक जोड़े ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग की है। पिछले दस साल से एक साथ रहने वाले हैदराबाद के सुप्रियो चक्रवर्ती और अभय डांग की याचिका में कहा गया है ।



### बैठक में उठा भारत-चीन सीमा विवाद का मुद्दा

## सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए 27 दल

**नई दिल्ली:** संसद के बजट सत्र से पहले सोमवार को सर्वदलीय बैठक में 27 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान भारत-चीन सीमा विवाद सहित अनेक मुद्दों पर विपक्ष ने संसद में चर्चा की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष को आश्वासन दिया कि नियम के तहत सरकार सभी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज की बैठक में 27 दलों के 37 नेताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान विपक्ष ने कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की है। केन्द्र सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने हिस्सा नहीं लिया। जबकि आम आदमी पार्टी (आप), बीजू जनता दल (बीजेडी), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सहित 27 दलों ने हिस्सा लिया। बसपा की ओर से भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर संसद में चर्चा की मांग की गई। वहीं आप ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और एलआईसी के गिरते शेयर का मुद्दा का उठाया। बैठक में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री का मुद्दा उठाया और शिवसेना की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महाराष्ट्र के बड़े प्रोजेक्ट्स के राज्य से बाहर जाने का मुद्दा उठाया।



## रामचरित मानस पर सदन में पूछेंगे सवाल : अखिलेश

**फिरोजाबाद:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को फिरोजाबाद पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो दूसरों के काम को अपना बताती है। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत का दावा भी किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को फिरोजाबाद स्थित सपा के पूर्व एमएलसी डॉ दिलीप यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान वह मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद समाजवादियों का क्षेत्र रहा है। नेताजी ने जब भी आह्वान किया, इस क्षेत्र की जनता ने पूरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हम लोग संगठन के माध्यम से जनता तक बात पहुंचाने का काम करेंगे। सपा हर वर्ग के बीच जाएगी। जो काम सपा ने कराया, वह काम कोई नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि लखनऊ में स्टेडियम बनाने का काम भी सपा सरकार ने किया था। इसीलिए आज वहां अंतरराष्ट्रीय मैच हो रहे हैं। भाजपा ने इस स्टेडियम का नाम भी पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर रख दिया जिस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। मुगल गार्डन को अमृत उद्यान बना दिया। सपा की कई योजनाओं पर भाजपा ने अपना नाम कर दिया, भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो दूसरों के काम को अपना बनाती है। आज अर्थव्यवस्था गड़बड़ हो गई है । शेयर बाजार लगातार गिर रहा है। भाजपा दावा करती थी कि उद्योगपति नंबर एक पर होने जा रहा है, वह कहां पहुंच गए। भाजपा को बताना चाहिए कि वह उद्योगपतियों को डूबने से कैसे बचाएगी। राजनीति में रामचरित मानस के प्रवेश पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जान-बूझकर महंगाई पर बात नहीं कर रही। बेरोजगारी पर बात नहीं कर रही। एक लाख करोड़ का खाने के तेल का कारोबार है। आटा महंगा हो गया है। रामचरित मानस की चौपाई पर मैं मुख्यमंत्री से पूछूंगा कि शूद्र कौन हैं?



## हिमाचल: बर्फबारी व अंधड़ का कहर, 481 सड़कें बंद



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में एक बार फिर मौसम का कहर देखने को मिल रहा है। राज्य के पर्वतीय जिलों में पिछले दो दिनों से बर्फबारी जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और शिमला जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण यातायात, बिजली और पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ मैदानी भागों में तेज अंधड़ से दो हजार से अधिक ट्रांसफार्मर ठप हो गए ।





















## खबर संक्षेप

### अटाला हिंसा के मुख्य आरोपी जावेद पंप को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में जुमे की नमाज के बाद करेली इलाके के अटाला में हुई हिंसा के मामले में मुख्य आरोपी जावेद पंप को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। भाजपा नेता नुपुर शर्मा के कथित बयान के बाद पूरे देश में दंगे शुरू हो गए थे। इसी क्रम में प्रयागराज के अटाला में भी जुमे की नमाज के बाद हिंसा भड़क गई थी, जिसमें पुलिस और पीएसी के जवानों पर पथराव किया गया। वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई थी। इस मामले मे जावेद मोहम्मद उर्फ पंप को मुख्य आरोपी बनाया गया था। प्रशासन ने उसका घर भी बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था।

### दूसरे की जमीन का फर्जी वारिस बन कर एक नाम जरबयाना कर दिया

**मऊआइमा।** दूसरे की जमीन का फर्जी वारिसान बनकर दो लाख बीस हजार लेकर जरबायाना कर दिया गया। पुलिस ने पांच के खिलाफ फ्राड जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सूलतानपुर खास निवासी जमील अहमद पुत्र मुबारक उल्ला का कहना है कि एक जमीन ग्राम रामनगर गंसियारी में आशा देवी और विनोद कुमार के नाम से है। उक्त जमीन के अभिलेखों में कूटरचित ,फ्राड करके कतिपय लोगों ने अपने नाम करवा लिए। इसकी भनक भू स्वामी को नहीं हुई। जमील अहमद का आरोप है कि कतिपय लोग आशा देवी और विनोद कुमार बन कर उनसे दो लाख बीस हजार लेकर जरबयाना कर दिए। जब असली भू स्वामी विनोद कुमार और आशा देवी को पता चला तो वह तमाम अधिकारियों ने शिकायतीपत्र देकर न्याय मांगने लगे। जमील अहमद से ली गई दो लाख बीस हजार रूपया की रकमें जाल साजों ने वापस नहीं की। जमील अहमद ने मऊआइमा थाने में मोईनुद्दीन उर्फ बबलू निवासी नूरपुर देल्हूपुर ,रिजवान अहमद ग्राम सराय राजा देल्हूपुर ,संतोष कुमार ग्राम तौकलपुर देल्हूपुर , दुलारी देवी पत्नी भारत लाल सरोज तौकलपुर देल्हूपुर तथा अनिल कुमार पता अज्ञात के खिलाफ जाल साजी फ्राड ,आदि संगीन धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए मतदान खत्म, 66 फीसदी पड़े वोट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद झांसी शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान सोमवार को सुबह आठ बजे से शुरू हो गया है जो सायं चार बजे तक चलेगा। मतगणना दो फरवरी को होगी और इसी दिन नतीजे भी घोषित किए जाएंगे। मतदान के लिए जिले में कुल 36 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। 15 बूथ शहरी और 21 ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए हैं। कुल 33274 मतदाता एमएलसी का चुनाव करेंगे। इसमें 16803 मतदाता केवल प्रयागराज में ही हैं। विधान परिषद सदस्य के लिए कुल 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें प्रमुख रूप से भाजपा से बाबूलाल तिवारी, सपा से एसपी सिंह पटेल एवं सुरेश कुमार त्रिपाठी सहित 8 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं । चुनाव के मद्देनजर जिले को 10 जोन और 36 सेक्टरों में बांटा गया है। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चुनाव में प्रयागराज, झांसी समेत 10 जिलों कौशाम्बी, जालौन, बाँदा, ललितपुर, महोबा,फतेहपुर, हमीरपुर और चित्रकूट के मतदाता हिस्सा ले रहे हैं। सुबह 10 बजे तक 10.43 प्रतिशत वोट डाले जा चुके हैं। फिलहाल मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। कहीं पर किसी तरह के विवाद की सूचना नहीं है। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कुल 66 फीसदी वोट डाले गए हैं।जिलाधिकारी



संजय कुमार खत्री ने सोमवार को इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन- 2023 के मतदान के लिए बनाए गए केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ संख्या- 16 पंडित रणजीत इंटर कॉलेज नैनी एवं बूथ संख्या-10 केएन काटजू इंटर कॉलेज कीटगंज, बूथ संख्या 11 महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज/ डिग्री कॉलेज बैरहना का निरीक्षण करते हुए मतदान की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सोमवार को इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन- 2023 के मतदान के लिए बनाए गए केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ संख्या-15 मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज का भी निरीक्षण करते हुए मतदान की स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने शहर और ग्रामीण इलाकों में बनाए गए कई बूथों का जायजा लिया।

### हंडिया में एसडीएम और बीजेपी कार्यकताओं में नोकझोंक

ब्लॉक मुख्यालय के गेट के सामने लगे बीजेपी के पंडाल को हटाने को लेकर एसडीएम और भाजपा के कार्यकताओं में नोकझोंक हो गई। काफी जद्दोजहद के बाद भाजपा का पंडाल हटवाया गया। इसके पहले सपा का भी पंडाल एसडीएम ने हटवा दिया।

## शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ एमएलसी का चुनाव





**शंकरगढ।** इलाहाबाद- झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन-एमएलसी का चुनाव शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया।सुबह 8 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 4 बजे समाप्त हुआ।विकास खंड शंकरगढ़ परिसर में बनाये गए बूथ पर सुबह से ही लाइन लगी रही। दोपहर 12 बजे तक करीब 35% व 2 बजे 73 प्रतिशत वोटिंग हुई थी,जो शाम 4 बजे तक 79.2 पर समाप्त हुई। सेक्टर मजिस्ट्रेट एके सिंह, माइक्रो ऑब्जर्वर विवेक कुमार श्रीवास्तव पोलिंग बूथ पर रहे।वहीं सुरक्षा के मद्देनजर एसीपी संतलाल सरोज और एसओ मनोज कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ दिन भर डटे रहे।यमुनापार इलाके के शंकरगढ़ में 275-218, करछना 492-339, कौंधियारा 152-111, जसरा 195-151, चाका 591-313, सिरसा 649- 418, कोंराव 546-447, बामपुर 251-172, मेजा बूथ में 462 में 346 मत पडे.।

**शिक्षक विधायक चुनाव में प्रतापपुर 65 फीसदी हुआ मतदान : प्रतापपुर।** इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन एमएलसी का मतदान ब्लॉक प्रतापपुर के सभागार में पीठासीन अधिकारी सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता समझावन राम के देख रेख में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। 513 मतदाताओं में 332 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 300 पुरुष 32 महिलाओं ने मतदान किया 65 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक चला मतगणना 2 फरवरी को होगी।

**स्नातक एम एल सी के चुनाव में मऊआइमा में कुल 226 मत पड़े : मऊआइमा।** स्नातक एम एल सी चुनाव में मऊआइमा में कुल 337 मत थे। जिसमें 226 मत पडे। जिसमें 189 पुरुष तथा 37 महिलाओं ने मतों का प्रयोग किए।बता दें कि भाजपा से बाबूलाल तिवारी ,सपा से एसपी पटेल ,निर्दल सुरेश चन्द्र द्विवेदी के बीच मुकाबला है।

# संदिग्ध हालात में छात्र का शव पांच दिन बाद तालाब में मिला हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा के गदाईपुर गांव निवासी मोहम्मद अफसर उर्फ जैद 16 वर्ष को तालाब में गोताखोर एंव फायरब्रिगेड भी नहीं तलाश पाए थे**



**मऊआइमा।** बुधवार 25 जनवरी को दोपहर में भोजन करने के बाद मोहम्मद अफसर उर्फ जैद 16 वर्ष पुत्र मोहम्मद हारून मऊआइमा के जोगापुर स्थित नेशनल पब्लिक हाईस्कूल में पढता था। मोहम्मद अफसर उर्फ जैद को परिजनों ने बहुत तलाशे परन्तु वह नहीं मिला तो देर शाम मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।सोमवार को सुबह तैरता हुआ शव मिलने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मऊआइमा के गदाईपुर गांव निवासी मोहम्मद हारुन का 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अफसर उर्फ जैद 25 जनवरी को दोपहर भोजन करके घर से निकाला फिर घर वापस नहीं लौटा। तो पिता मोहम्मद हारून ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। 26 जनवरी को जैद का चप्पल घर से दूर ग्राम सुलतानपुर खास स्थित तालाब के किनारे जैद का चप्पल मिला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों एंव दमकल विभाग को बुलाया घंटों मशक्कत किया परन्तु खाली हाथ वापस लौट गए। सोमवार को सुबह उसी तालाब में जैद का तैरता हुआ शव मिलने पर हडकंप मच गया। परिजनों रोने बिलखने लगे । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।मृतक जैद जोगापुर स्थित नेशनल पब्लिक हाईस्कूल का छात्र था। वह तीन भाईयों में आब्दुल रहमान ,मोहम्मद शोएब के बाद तीसरे नम्बर पर था। पिता मोहम्मद हारून मुंबई में टैक्सी चलाते हैं। जबकि बडे पुत्र कपडे की दुकान मऊआइमा में खोले हैं। मृतक की माता जुबैदा खातून एंव परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### सुनो गौर से दुनिया वालों बुरी नजर ना हम पर डालो सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी

**जंघई।** 74 वें गणतंत्र दिवस पर शांति विद्या निकेतन रस्तीपुर खखैचा में प्रबंधक विजय नाथ तिवारी द्वारा ध्वज फहराया गया एवं वीर सपूतों को नमन करते हुए आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार ने किया।इस अवसर पर मानिकचंद्र अध्यापक, अरुणचन्द्र पांडेय अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावक गण - नीरज दुबे, कैंसर अली, कल्लन अली, रहीशा बेगम, बनवारी, वेनवंश, जनराज सिंह, अखिलेश गुप्ता, अमरजीत पटेल, महेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, ब्रजराज यादव, डॉ सभाजीत पाल, गुलाब यादव, शिव प्रसाद यादव, लालजी यादव,राजेश यादव, सलमान, कलाम, सलीम, रियाज, वीरेंद्र पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर जगौती में किया झंडारोहण



अखंड भारत संदेश

**करछना।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की समाप्ति पर करछना ब्लाक के जगौती में झण्डा रोहण किया गया वो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पूण्यतिथि पर दो मिनट मौन रहकर शत शत नमन अन्त में बापूजी का फि र भजन रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम का स्मरण हुआ भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा २६ जनवरी से हांथ से हांथ जोड़ो यात्रा २६ मार्च तक चलेगी जिसे पूरी तन्मयता से डगर डगर नगर नगर चल कर हांथ से हांथ जोड़ो अभियान को सफल बनाना है वह राहुल गांधी जी के सन्देश को जन जन तक पहुंचाना है इस अवसर पर झण्डा रोहण में डा दिनेश कुमार सोनी आशीष कुमार मिश्र एंडो नागेश पांडेय ?राम मणि द्विवेदी बृजेश कुमार पटेल सीखा पाण्डेय रंजना विश्व कर्मा आशा सोनी किरन मिश्र खुशबू मौर्य विकास विश्व कर्मा बृजेन्द्र कोटार्य आदि शामिल रहे।

# मेजा में शिक्षक विधायक चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** प्रयागराज शिक्षक विधायक चुनाव मेजा में 74 प्रतिशत हुआमेजा, प्रयागराज मतदाता दिवस हो या जागरूकता दिवस सभी मौके पर लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया वाले ही जब फिसड्डी साबित हो जाए तो सवाल यह उठता है कि फिर किससे शत प्रतिशत की उम्मीद की जाय।जी हां, सही सुना आपने। आज संपन्न हुए शिक्षक विधायक के चुनाव में मेजा ब्लाक में 462 मतदाता पंजीकृत थे,जिसमे केवल 346 उरूवा में 649 में 418 इसी तरह मांडा में 260 में 178 शिक्षकों शिक्षिकाओं ने अपने मत का प्रयोग कर अगले 6 वर्षों के लिए शिक्षक कोटे से विधान परिषद सदस्य को चुन लिया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि जब सबको जागरूक करने वाले शिक्षक ही अपने मत का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, तो अन्य मतदाता से शत प्रतिशत वोटिंग के लिए उम्मीद करना बेईमानी होगी। इस विषय पर चर्चा के बाद साफ तौर पर एक ही बात उभर कर सामने आई है कि बड़ी संख्या में वित्त विहीन विद्यालयों के मैनेजमेंट द्वारा फर्जी तरीके से मतदाता बनाए गए हैं। शासन की कड़ाई के भय से ऐसे फर्जी मतदाता भय वश मतदान करने डर गए और मतदान करने से दूरी बना ली। इसी के साथ एक और बात सामने आई है कि वित्त पोषित स्कूलों के भी गैर जिम्मेदार शिक्षक भी मतदान करने नहीं पहुंचे। किसी भी कार्यक्रम में जागरूकता हेतु स्कूलों और कालेजों का भारी योगदान होता है और ऐसे शिक्षाविद जब अपने वोट के अधिकार को नहीं समझ पा रहे हैं तो देश के विकास के लिए बहुत बड़ी बाधा बन रहे हैं। पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने मतदान प्रतिशत कम होने पर चिंता जाहिर करते हुए शिक्षकों से अपनी जिम्मेदारी को समझने की सलाह दी हैं। फिलहाल शिक्षक विधायको का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया हैं। और पोलिंग पार्टिय रवाना हो गया हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा ने वोट प्रतिशत कम होने पर चिंता जताया हैं। शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी के लिए आगे आने की सलाह दी हैं। चर्चा के दौरान गोविंद मिश्रा, कामेश्वर पटेल, अनिल शुक्ला, कमलेश मिश्र, राजन मिश्रा आफ लोग मौजूद रहे।

### करछना नैनी में शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान

**करछना/नैनी।** शिक्षक विधायक के लिए सोमवार को हुआ मतदान नैनी में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। सुबह आठ से शाम चार बजे बजे तक हुए मतदान केंद्र चाका में कुल 313 मत पड़े, जबकि यहां कुल 591 मतदाता हैं। वहीं करछना विकास खंड में मतदान में 498? के सापेक्ष में 339 मत पड़े इनमे 71 गुमशुदा हैं। मतदान के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एसडीएम करछना ने मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवथा का जायजा लेते रहे। वहीं विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने भी चुनाव का जायजा लिया।

**दो दारूखोर शराब सहित गिरफ्तार : कोरांव।** इस वक्त कोरांव पुलिस निरंतर अपराधियों पर कार्यवाही करती नजर आ रही है। आज पुनः दो शराब खोरों को मह शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि कोराव पुलिस ने रमेश चंद्र जायवाल पुत्र जवाहर लाल ग्राम पसना को 20 सीसी अवैध देशी शराब और राज बाबू पुत्र चंद्रमा प्रसाद ग्राम बैठक्वा देवघाट को 38 सीसी अवैध शराब के साथ गिरफ्तर कर लिया। और मुकद्दमा पंजीकृत किया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# चोरों ने घर के कमरे का ताला तोड़कर लाखों का सामान किया पार

**मऊआइमा के जाम्हा खास में खाली पडे घर में की गई वारदात,चोरों की तस्वीरें सीसी कैमरे में कैद**

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** राज्यकीयआयुर्वेदिक चिकित्सालय में वार्ड ब्वाय के घर के सभी कमरों का ताला तोड़कर चोरों ने सात लाख नगदी, सोने ,चांदी के जेवरातों सहित गेहूं, चावल,बर्तन आदि लगभग चालिस लाख रुपये के सामान चोरी कर ले गए। चोरों की फोटो सीसी कैमरे में कैद हो गई। जिनकी संख्या चार बताई गई है। भुक्भोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जाम्हा खास निवासी दिनेश कुमार तिवारी पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद तिवारी प्रतापगढ़ के देल्हूपुर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में बार्ड ब्वाय हैं तथा उनका परिवार फाफामऊ के शांतिपुरम में रहता है। दिनेश कुमार तिवारी ने बताया कि उनके पैतृक निवास जाम्हा खास वाले घर में ताला बंद रहता है। उनके भांजे की शादी 22 फरवरी को है। जिसके खर्च के लिए वह और उनका परिवार इन दिनों निरंतर पैतृक निवास पर आता रहा है। दिनेश कुमार ने बताया कि 28 जनवरी को मध्य रात्रि के बाद वह सपरिवार शांतिपुरम में था। सीसी कैमरे के अनुसार जब 29 जनवरी को घर जाम्हा खास आया तो घर का ताला टूटा था। तथा चैनल गेट और सभी कमरों सन्दूकों, अलमारी का ताला टूटा था । और सारे सामान बिखरे थे। जब परिजनों ने देखा तो सात लाख रुपये नगदी ,तीन सोने का मंगलसूत्र दस तोला ,तीन चैन सोने का तीन तोला,आधा दर्जन सोने की अंगूठी, एक अंगूठी एक तोला की,चांदी के सभी जेवरात ,ताम्बा ,पीतल के बर्तन ,नये कपडे ,गेंहू, चावल गृहस्थी के अन्य सामानों सहित कोई सामान चोर नहीं छोडे। दिनेश कुमार ने बताया कि लगभग चालीस लाख से आधिक सामानों ,नगदी सहित चोरी हुई है ,सभी चोरों की तस्वीरें सीसी कैमरे में कैद हो गई है। जिनकी संख्या चार बताई जा रही है। भुक्भोगी दिनेश कुमार तिवारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस सीसी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोरों की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।

### मऊआइमा के वन विभाग में अनेकों सामान की चोरी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** वन विभाग में रखा जनरेटर सहित अनेकों सामान चोर चोरी कर ले गए। वन दरोगा ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास स्थित रेलवे फाटक के निकट वन विभाग में रखा जनरेटर और फावडा ,तस्ला सहित अनेकों सामान चोर चोरी कर ले गए। वन दरोगा मसूद अहम ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मां विंध्यवासिनी क्रिकेट प्रतियोगिता में डीहा की टीम फाइनल मैच अपने नाम किया

अखंड भारत संदेश

**करछना।** मां विंध्यवासिनी क्रिकेट क्लब कबरा की ओर से चल रही 15 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच के बाद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हुआ । आकाश इलेवन क्रिकेट क्लब डीहा और छोटू इलेवन क्रिकेट क्लब करछना के बीच दिलचस्प और रोमांचक फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें निर्धारित 20 ओवरों में डीहा की टीम ने एक गेंद शेष रहते हुए 170 रन का स्कोर खड़ा करते हुए ऑल आउट हो गई । वही जवाब में करछना की टीम 16 वे ओवर में ही 130 रन बनाकर आल आउट हो गई । जिससे डीहा की टीम विजेता और करछना की टीम उप विजेता रही। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव की ओर से विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड देकर पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डीहा टीम के दीपू मिश्रा को दिया गया। वही मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार डीहा टीम के लालू यादव को दिया गया । निर्णायक के रूप में मनोज कुमार केसरवानी व दिनेश कुमार केसरवानी रहे । कमेंटेटर के रूप में कपिल कुमार व आनंद कुमार तिवारी रहे।

**विजेता एवं उप विजेता के खिलाड़ियों को जि.पं. सदस्य डॉ विजय बाबू ने पुरस्कृत किया**



## अंकिता का किया गया स्वागत



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में उत्तर प्रदेश के कलाकारों की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। टीम की सदस्य नैनी की अंकिता जायसवाल का यहां स्वागत किया गया। इससे पहले टीम का प्रयागराज जंक्शन पर भव्य स्वागत किया गया। टीम में प्रयागराज की महिला कलाकार शामिल रहीं। रविवार को वापस लौटने पर टीम की सदस्य पूर्णिमा, अंकिता जायसवाल, करिश्मा आर्या, शैलवी शुक्ला, प्रियंका, कीर्ति चौधरी, कौशीकी, स्नेही, शुभी आदि का फूल की माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में रश्मि जयसवाल, पूजा जोगी हेमलता जायसवाल राखी श्रीवास्तव आदि ने रहीं।

# अरैल माघ मेला में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** अरैल माघ मेला में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के समस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रयागराज में आए हुए यात्रियों एवं स्नानार्थियों को भंडारे में हलुआ एवं दमालू का प्रसाद वितरण कर ‘नर सेवा नारायण सेवा’ के अंतर्गत सेवाभाव से प्रसाद वितरित किया गया। संस्थाध्यक्ष संतोष तिवारी एवं प्रबंधक सचिव कुंवर जी तिवारी ने बताया कि माघ मेले में भंडारा प्रसाद वितरित करने के साथ साथ स्वच्छता जागरूकता अभियान के द्वारा भी लोगों से अपील की जा रही है,कि गंगा में मन का मैल धोये, न कि गंदगी कर, गंगा को गंदी करें एवं पालीथीन का प्रयोग कदापि न करें। संस्थान अपने सहयोगियों के साथ पर्व पर्व पर भंडारा एवं यात्रियों के सहयोग में अनेकों तरह के सामाजिक कार्य कर रही है, और भविष्य में माघ मेले में अनेकों वृहद स्तर के कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में धीरज यादव, सुनील मिश्रा, रवि पटेल, ऋषि दीक्षित, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, प्रवीण तिवारी, आत्म प्रकाश यादव, डॉ संगम लाल विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, बब्रुवाहन सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु केसरी, विनय पाण्डेय, अंजलि, तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी,नेता भैया, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, पुष्पेन्द्र कुमार द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सीजेएम कोर्ट में अर्जी

**प्रयागराज।** श्रीरामचरित मानस के खिलाफ टिप्पणी करने वाले पूर्व मंत्री और सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ इलाहाबाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम) की अदालत में परिवाद दाखिल कर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है। कहा गया है कि उनकी टिप्पणी से धार्मिक भावनाएं आहत हुईं हैं।तुलारामबाग के निवासी और पेशे से अधिवक्ता नीरज मिश्र ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह हिंदू धर्म को मानने वाले हैं तथा उसमें पूर्ण आस्था रखते हैं। दिनांक 23 जनवरी की सुबह उन्होंने घर आए दैनिक समाचार पत्र को पढ़ा तो देखा कि सपा नेता और विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने अखबार में हिंदू धर्म के सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ के विषय में बेहद गंभीर और अपमानजनक आरोप लगाकर समाज में वैमनस्यता फैलाने, धर्म के प्रति अपमानजनक बातें व समाज में सभी वर्गों में विद्वेष फैलाने का कार्य किया है।


# व्यापारी की सिर कूच कर की गई निर्मम हत्या

## दोस्तों पर है हत्या का आरोप सभी फरार

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** शाहगंज के पान दरीवा निवासी व्यापारी अंकित अग्रवाल की झूंसी में सिर कूच कर निर्मम हत्या कर दी गई है। सुबह जब नौकर आया तो गोडाउन में अंकित की खून सनी लाश देख सन्न रह गया। उसने मामले की सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस छानबीन कर रही थी रोते बिलखते परिजन भी आ गए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मृतक के भाई की तहरीर पर दो नामजद व अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

शाहगंज के पान दरीवा चुनावाली गली के रहने वाले राम कृष्ण अग्रवाल यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन के रिटायर कर्मचारी है। इनका झूंसी के छतनाग रोड स्थित दो मंजिली तिवारी मार्केट में न्यू अग्रवाल फुटवियर के नाम से जूते चप्पल की दुकान व थोक विक्रेता का काम है। जिसको इनके बेटे मुदित व अंकित देखते है। मुदित की कुछ दिनों से तबीयत खराब चल रही थी जिसकी वजह से





अंकित ही अकेले दुकान पर आ रहा था। अंकित शनिवार कि सुबह दुकान पर आया था शाम को भीषण जाम की वजह से घर नही गया। रविवार को बंदी की वजह से मार्केट बंद थी फिर भी वह दुकान पर ही था। रविवार की शाम को उसने मां ममता को फोन पर बताया था कि वह घर पर ही आकर खाना खाएगा लेकिन वह घर नहीं पहुंचा और सुबह उसकी खून से सनी लाश गोडाउन में मिली। अंकित के हत्या की खबर घर पहुंची तो बेसुध

**रात में अंकित की दोस्तों से लड़ाई हुई थी :** अंकित के दोस्त सुमित जो की दुकान का ग्राहक भी है उसने सोमवार की सुबह अंकित की दुकान में काम करने वाले लडके रवि को फोन कर बताया कि रात में हम कुछ दोस्तों के साथ अंकित के साथ थे जहाँ लड़ाई हो गई थी। अंकित के कमरे में बाहर से बंद कर हम लोग चले आए थे उसका फोन भी नहीं लग रहा है जा कर देख लो। जब रवि गोडाउन का दरवाजा खोला तो उसके सर पर गत्ता रखा हुआ था उसे हटने पर वह नहीं उठा हत्ता से हटाया तो उसका सिर कूचा हुआ था।

**पैसा मोबाईल भी गायब है :** अंकित के पास से उसका पैसा वह मोबाइल भी गायब है परिजनों की मानें तो अंकित के पास अक्सर 30 से 40 हजार रुपए रहता था दुकान का भी मोटा कलेक्शन आता था। वह नशे का आदी था कमरे का नजारा देख ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे अंदर पार्टी हुई हो दारु की एक खाली बोतल भी मिली है चर्चा है कि कहीं पैसे के लिए ही तो नहीं अंकित की हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है फील्ड यूनिट ने भी मौके का मुआयना किया है।

माता पिता, भाई झूंसी पहुचे अंकित की खून से सनी लाश देख माँ ममता जोकि जैन विद्यालय में उप प्रधानाचार्य हैं वो दहाड़े मार कर रोने लगी। मार्केट में रहने वाले लोगों की माने तो अंकित रात में अपने कुछ दोस्तों के साथ गोडाउन में ही था और काफी लड़ाई झगड़े की आवाज भी आ रही थी।

## थाना बारा के शिव मंदिर में प्रेमी जोड़ेकी हुई शादी



**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के लोहगरा केवटान की एक किशोरी के काफी समय से उसके एक नजदीकी रिश्तेदार से प्रेम-प्रपंच चल रहा था।प्रेमी चित्रकूट जनपद के खपटीहा गाँव का रहने वाला था।रिश्तेदारियों में आते जाते रहने की वजह से दोनों की आँखें मिली और प्रेम बढ़ने लगा। धीरे धीरे इसकी भनक परिजनों को लगी तो उन्होंने थक हारकर शादी की बात बढ़ाई। किशोरी के परिजनों ने प्रेमी के परिजनों को 15 हजार रुपये लगन के नाम पर दिया।जिसमें यह बात निश्चित हुई कि प्रेमिका के परिजन प्रेमी के परिजनों को।डेढ़ लाख रुपये नकद व अन्य दहेज की वस्तुएं दी जायेगी।कुछ दिन के बाद प्रेमी के परिजनों ने शादी करने से मना कर दिया।परेशान होकर किशोरी के परिजनों ने थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा को सारी बातें बताई।थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों से कुछ और लोगों को थाने पर बुलाया।दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा और इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान व कौशलेंद्र बहादुर सिंह ने थाना परिसर में बने शिव मंदिर में दोनों की शादी करवा दी।प्रेमी-प्रेमिका ने एक दूसरे को माला पहनाकर साथ जीने मरने की कसमें खाई।प्रेमी ने प्रेमिका की माँग में सिंदूर भरकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। प्रेमिका बिन्द पुरवा लोहगरा की माया बिन्द(18वर्ष)और प्रेमी खपटिहा,मऊ निवासी अरविंद कुमार बिन्द(20वर्ष) है।शादी करने के बाद प्रेमी युगल मुस्कराते हुए खपटिहा,मऊ चले गए। थाना बारा अन्तर्गत बिंद पूरवा लोहगरा की निवासी माया बिंद उम्र 18 वर्ष का काफी अरसे से खपटिहा गाँव के अरविंद कुमार बिंद उम्र 20 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घर वालों को मालूम होने पर दोनों की शादी तय हुई। लड़की के घर वालों ने वर पक्ष को 15 हजार रुपये लगन में दिये तथा डेढ़ लाख रुपये नगद व दहेज देने को राजी हुए लेकिन लड़के वालों ने शादी करने को इनकार कर दिया जिससे यह मामला थाना बारा में आया जहां पर लोहगरा व खपटिया गाँव के काफी लोग थाना बारा आये जहां दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा जी ने थाना अन्तर्गत शिव मंदिर में शादी करवा दी।दोनों प्रेमी जोड़ी हंसी खुशी खपटिया गाँव के लिये रवाना हो गये।

# कटहुला में 95 बीघें में हुई अवैध प्लाटिंग को किया गया ध्वस्त

## बुलडोजर चलाकर किए गए अवैध निर्माण और बाउंड्री को गिराया गया, बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स रही तैनात



अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सुदामा नगर कटहुला में की गई 95 बीघे की अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया है। पीडीए के वीसी अरविंद सिंह चौहान के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कटहुला में 95 बीघे में की गई प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। बुलडोजर से अवैध प्लाट में बनाई गई बाउंड्रीवॉल और दीवार को ध्वस्त कर दिया गया।

### पुलिस फोर्स देख प्लॉट छोड़ भागे लोग

जिस समय प्लॉट पर कार्रवाई की जा रही थी उस समय थाना पिपरी पुलिस बल के साथ अवर अभियंता जेएम सिंह पीडीए प्रवर्तन टीम के अधिकारी भी मौजूद थे। प्लाट की बाउंड्री वॉल को जब बुलडोजर ने गिराना शुरू किया तो बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। इससे पहले की विरोध शुरू होता पुलिस बल ने मुस्तैदी से लोगों को वहां जमा होने से रोक दिया। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स होने के कारण लोग विरोध दर्ज नहीं करा सके।

### 6200 से ज्यादा ने पूरी कर ली रेस, अब 15 फरवरी को होगी प्रमाणपत्रों की जांच

**प्रयागराज।** रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी) प्रयागराज की नान टेक्निकल पापुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) के लेवल वन की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) अब तक 6200 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पास कर ली है। इन सभी के शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन अब 15 फरवरी से शुरू होगा। इस बीच बुधवार एक फरवरी को लेवल वन (पूर्व में पद नाम ग्रुप डी) की शारीरिक दक्षता की परीक्षा में महिला अभ्यर्थी शामिल होंगी। इस दौरान महिला अभ्यर्थियों को 20 किलो का वजन उठाकर 100 मीटर की दूरी तय करनी होगी।वहीं दूसरी ओर सोमवार को 1600 अभ्यर्थियों को पीईटी के लिए बुलाया गया। इस दौरान 1414 अभ्यर्थी ही वहां पीईटी के पहुंचे। उधर सोमवार को सर्वाधिक 1051 अभ्यर्थियों ने पीईटी पास कर लिया। यह अब की सर्वाधिक संख्या रही। ओवर ऑल अब तक 6266 अभ्यर्थी पीईटी पास कर चुके हैं।सोमवार को 363 अभ्यर्थी सवा चार मिनट एक किमी की दौड़ पूरी नहीं कर सके, जबकि 186 अनुपस्थित रहे। इन दोनों ही संख्या को जोड़ लिया जाए तो दूसरे चरण के तीसरे दिन 549 चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए। फिलहाल दूसरे चरण के तीन दिन के परिणाम में अब तक 3,045 अभ्यर्थी दौड़ में पास हो चुके हैं, जबकि पहले चरण में 3221 ने पीईटी में सफल हुए।

# प्रयागराज में लिव-इन में रह रही महिला की हत्या

## माघ मेले में 7 साल की बेटी के सामने डंडे से मारा, चेहरे को कूंचा, आंख भी फोड़ी

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में रविवार आधी रात बेटी के सामने महिला की हत्या कर दी गई। चेहरा बुरी तरह से कूंच दिया। हत्यारे ने डंडे से एक आंख भी फोड़ दी। महिला अपने प्रेमी के साथ लिव-इन में रह रही थी, वह 10 दिन पहले ही यहां आई थी। हत्या का आरोप मनीष यादव पर है जो उसके साथ रहता था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। दारागंज पुलिस देर रात तक उसकी तलाश में लगी रही।बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद हो गया। इससे गुस्साए प्रेमी ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। घटना की गवाह महिला की सात साल की बच्ची है। उसका कहना है कि मां के दोस्त ने डंडे से पीट-पीटकर मार डाला है।

**दोनों माघ मेले में करते थे काम :** सुनीता वर्मा (45) मूल रूप से रीवा (एमपी) के मऊगंज के दुगना कुर्मियान गांव की रहने वाली थी। सुनीता के पति अच्छेलाल वर्मा की 2020 में सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। उनके चार बच्चे हैं। जिनमें दो बेटे व दो बेटियां हैं। सबसे छोटी बेटी दामिनी (7) है। वही अपनी मां के साथ रह रही थी। बाकी बच्चे रीवा में ही रह रहे हैं।10 दिन पहले सुनीता अपनी बेटी के साथ प्रयागराज आई थी। यहां पर दारागंज कोतवाली क्षेत्र के परेड माघ मेला क्षेत्र में रह रही थी। उसके साथ कौशांबी जिले के करारी कस्बे का रहने वाला मनीष यादव भी रहता था। दोनों मजदूरी करते थे।

**रात में शराब पीकर आया था मनीष :** बताया जा रहा है कि रविवार रात करीब 12.30 बजे मनीष दारू पीकर आया और सुनीता से झगड़ा करने लगा। दोनों के बीच का विवाद बढ़ गया। इसके बाद मनीष सुनीता को डंडे से पीटने लगा। उस समय बेटी दामिनी सो रही थी। मां की चीख सुनकर उसकी नींद खुली तो वह भी डर गई।

**मारने-पीटने के बाद एक आंख भी फोड़ दिया**

दामिनी अपनी मां को बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन मनीष ने उसे धक्का दे दिया। सुनीता घायल होकर जमीन पर गिर गई। इसके बाद मनीष ने उसका चेहरा कूंच दिया। फिर उसकी आंखें फोड़ दी। इससे मौके पर ही सुनीता की मौत हो गई।चौकीदार राम कृपाल ने बताया कि रात करीब दो बजे चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई दे रही थी। मेले में तैनात पुलिसवालों को पति-पत्नी में झगड़े की बात बताई। पुलिस लगभग 10 मिनट के अंदर ही पहुंच गई। मौके पर देखा कि महिला के सिर से खून निकल रहा है। पास में बच्ची रो रही थी। दारागंज पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला लहूलुहान हालत में पड़ी थी। पुलिस महिला को एसआरएन अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**बेटी बोली- पैसों के लिए मां को पीटता था**

एसीपी दारागंज आस्था जायसवाल ने मृतका की बेटी दामिनी से पूछताछ की। दामिनी ने बताया, उसकी मां और मनीष के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था। मां और मनीष अंकल नीला शहर में मजदूरी करते थे। मम्मी जो भी पैसे लेकर आती, मनीष उसे छीन लेता था। फिर उसी पैसे से दारू पीकर घर पर आते थे। वो मेरी मम्मी को मारते पीटते भी थे। कल हम लोग फिर से रीवा जाने वाले थे। मम्मी के पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने मनीष अंकल से पैसे मांगे। लेकिन वह नहीं दे रहे थे। इसके बाद वो गुस्सा हो गए और मम्मी को पीटने लगे।

**सूरत में हुई थी दोनों की मुलाकात, 10 दिन पहले आए थे संगम :** पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी मनीष यादव सूरत में रहकर प्राइवेट काम करता था। उधर, पति की मौत के बाद सुनीता भी अपने मायके वालों के साथ काम करने सूरत चली गई थी। वहीं पर इन दोनों की मुलाकात हुई।वहीं से दोनों करीब आ गए। फिर दोनों साथ रहने लगे। इसी 18 जनवरी को ही मनीष सुनीता को लेकर प्रयागराज आया था। दोनों माघ मेला क्षेत्र में परेड में रहकर मजदूरी कर रहे थे।

### ट्रक चालक व खलासी की पिटाई से कार सवार युवक की मौत

**प्रयागराज।** मेजा के कोहड़ार बाजार स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास खीरी रोड पर पास लेने के विवाद में बालू ठेकेदार ध्रुव सिंह (27) की हत्या कर दी गई। ट्रक चालक व खलासी ने उस पर हमला बोल दिया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। करछना थाना क्षेत्र के धरवारा निवासी ध्रुव पुत्र प्रदीप सिंह दो भाइयों में बड़ा था। वह बालू सप्लाई का काम करता था। चाचा संदीप सिंह के मुताबिक, रविवार रात करीब 12 बजे ध्रुव अपनी कार से एनटीपीसी की तरफ जा रहा था।रेलवे ओवरब्रिज खीरी रोड पर ट्रक से पास लेने के चक्कर में उसका चालक से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर ट्रक चालक ने खलासी के साथ मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उसके सिर पर वार किया गया, जिसमें लहुलुहान होकर वह जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे परिजन उसे शहर में बालसन चौराहे के पास स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सुबह डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उधर, घटना की जानकारी पर पुलिस जांच में जुटी तो ट्रक क्रशर प्लांट में पार्क मिला, लेकिन चालक व खलासी गायब हैं। मेजा इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# आलमारी का लाकर तोड़कर नकदी समेत जेवरात उड़ाया



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के कटका बाई पास के निकट रविवार की रात एक घर में घुसे चोरो ने आलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखा नकदी व जेवरात पार कर दिया। सुबह उठने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई तो वह सन्न रह गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। कटका गांव निवासी दिनेश केसरवानी ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात उनका पूरा परिवार घर में सो रहा था। इसी दौरान चोर आम के पेड़ के सहारे छत पर चढ़ गए और अंदर घुसकर कमरे में रखी आलमारी का लाकर तोड़ दिया। उसमें रखा 10 हजार नकद, सोने का आभूषण व तीन मोबाइल समेट कर फरार हो गए। रात में परिजनों को घर मे घुसे चोरो की भनक तक नहीं लगी। सुबह नींद खुली तो कमरे की दशा व खुली अलमारी देख सभी दंग रह गए। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। अभी रिपोर्ट दर्ज नही हुई है।

### चोरी की घर मेरे सो रहे परिजनों को नहीं लगी भनक लाखों के जेवरात गायब


**झूंसी।** थाना क्षेत्र के कटका बाई पास के निकट रविवार की रात एक घर में घुसे चोरो ने आलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखा नकदी व जेवरात पार कर दिया। सुबह उठने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई तो वह सन्न रह गए और मामले की सूचना पुलिस को दी। टका गांव निवासी दिनेश केसरवानी ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात उनका पूरा परिवार घर में सो रहा था। इसी दौरान चोर आम के पेड़ के सहारे छत पर चढ़ गए और अंदर घुसकर कमरे में रखी आलमारी का लाकर तोड़ दिया। उसमें रखा 10 हजार नकद, सोने का आभूषण व तीन मोबाइल समेट कर फरार हो गए। रात में परिजनों को घर मे घुसे चोरो की भनक तक नहीं लगी। सुबह नींद खुली तो कमरे की दशा व खुली अलमारी देख सभी दंग रह गए। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। अभी रिपोर्ट दर्ज नही हुई है।


### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को राहत जारी, आपराधिक केस की सुनवाई पर लगी रोक बढ़ी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मिली अंतरिम राहत बढ़ा दी है। कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता को स्वामी के खिलाफ 2015 में वाराणसी के दशाश्वमेध थाने में दर्ज आपराधिक केस को सरकार द्वारा वापस लेने या अन्यथा स्थिति की जानकारी के लिए दस दिन का समय दिया है। अपर शासकीय अधिवक्ता रत्नेंदु कुमार सिंह ने कोर्ट से सरकार से जानकारी प्राप्त करने के लिए दस दिन का समय मांगा था, जिस पर कोर्ट ने समय दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति डीके सिंह ने अविमुक्तेश्वरानंद स्वामी की धारा 482 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत दाखिल याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। वाराणसी की जिला अदालत में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ पुलिस ने आगजनी, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने आदि आरोपों में चार्जशीट दाखिल की है। जिसमें स्वामी जी को अधीनस्थ अदालत से जमानत मिल चुकी है। हाईकोर्ट ने मुकद्दमे की सुनवाई प्रक्रिया पर रोक लगा रखी है, जिसे बढ़ा दिया है। आपराधिक मामला साल 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकाली गई प्रतिकार यात्रा में हुई जबरदस्त हिंसा से जुड़ा हुआ है। वाराणसी पुलिस ने इस मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ ही महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा और बालक दास समेत कई संतों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। वाराणसी की अदालत ने इस चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए मुकदमे की कार्यवाही शुरू कर दी थी। हाईकोर्ट ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अर्जी पर सुनवाई के बाद मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा रखी है ।

# साधको ने विहंगम योग का प्रमुख सद्ग्रन्थ स्ववेंद को जन. जन तक पंहुचाने का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश






**झूंसी।** आत्मोद्धार का सर्वश्रेष्ठ साधन है भक्ति। लेकिन आज की भक्ति अज्ञान , आडम्बरयुक्त जड़ भक्ति है। इससे ऊपर उठना होगा। अधिकांश व्यक्तियों का जीवन अविद्या एवं अंधकार में व्यतीत हो रहा है। विहंगम योग ही विशुद्ध चेतन भक्ति है। जिसमे साधक संपूर्ण विकारों को त्याग कर आतंरिक शुद्ध स्वरूप की प्राप्ति कर लेता है। उक्त वचन विहंगम योग के आचार्य स्वतंत्रदेव महाराज ने सद्गुरु सदाफल देव आदर्श गोशाला झूंसी के परिसर में विहंगम योग के प्रणेता सदगुरू सदाफल देव महाराज के 69वें परम निर्माण दिवस के पावन अवसर पर चल रहे पंचदिवसीय 2100 कुंडीय वैदिक यज्ञानुष्ठान एवं विहंगम योग समारोह के समापन दिवस पर सोमवार को उपस्थित हजारों भक्तों के मध्य व्यक्त किया। संत प्रवर ने 2100 कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ में आहुति देने बैठे यज्ञानुरागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ का अर्थ त्याग भाव है। अग्नि को बुझा सकते है पर नीचे झुका नहीं सकते। वैसे ही हमारा जीवन भी ऊर्ध्वगामी हो, श्रेष्ठ और पवित्र पथ पर, कल्याणकारी पथ पर निरंतर गतिशील रहे। इस दौरान साधको ने अपने दोनों हाँथ उठाकर विहंगम योग का प्रमुख सद्ग्रन्थ स्ववेंद को जन. जन तक पंहुचाने के लिए संकल्पित हुए। कार्यक्रम का समापन वंदना, आरती एवं शांति पाठ के द्वारा किया गया। समापन के पश्चात सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्रदेव महाराज एवं संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के दर्शन के लिए अनुयायियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। पांच दिनों तक बहती रही स्ववेंद की अमृत ज्ञान गंगा। सभी भक्त दर्शन लाभ प्राप्त कर अपने गंतव्य स्थान को चलते रहे। कार्यक्रम में सुखनंदन सिंह सदय, सिंगापुर के गोविंद पोद्दार, खेतान ग्रुप के सुबोध शर्मा, गजेंद्र सिंह रांची, आनंद फलटने, दिल्ली के एडीआरएम बीके सिंह, कर्नल निर्मल सिंह पुणे, अरविंद सिंह, फाल्गुन मोदी सहित देश के कोने-कोने से आए हजारों भक्त मौजूद रहे।

# कोरांव में गोपाल इं.का. में एनसीसी की परीक्षा अयोजित

## तहसीलदार कोराव ने उत्कृष्ट कार्य वाले छात्रों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश




गोपाल इंटर कोलेज में एनसीसी परीक्षा देने वाले छात्र

**कोरांव।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव में एनसीसी सेकंड ईयर की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 28 कैडेट्स सम्मिलित हुए। इस परीक्षा को पास करने के बाद छात्र-छात्राओं को अ सर्टि वाईफिकेट दिया जाएगा। इस अवसर पर परीक्षा के आयोजन में सेकेंड ऑफिसर श्याम नारायण सरोज के साथ-साथ 16 यू पी बटालियन से उपस्थित नायब सूबेदार गजेंद्र सिंह, हवलदार जितेंद्र सिंह के निगरानी में संपन्न हुई जिसमें छात्र नितिन कुमार वर्मा, अंकित केशरी, स्वेता सिंह, सेफाली पाण्डेय और सभी कैडेट्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर ठउउ के छात्र-छात्राओं द्वारा एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को तहसीलदार कोरांव अनिल कुमार वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शाबिर अली ने परीक्षा में बैठने वाले छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षा को संपन्न कराने में अध्यापक राकेश कुमार सिंह, राजेश सिंह, गोविन्द मिश्रा आदि रहे।

## हैण्डपम्प रिबोर के नाम पर अनियमितता की शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के सुजाखर गांव मे हैण्डपम्प रिबोर मे वित्तीय अनियमितता की शिकायत दर्ज करायी गयी है। गांव के चंद्रप्रकाश वर्मा ने डीएम तथा मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती पत्र मे कहा है कि गांव मे हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर मे मिलीभगत कर लाखों की धनराशि गडप कर ली गयी। शिकायती पत्र मे कहा गया है कि लगभग दस हैण्डपम्प की मरम्मत व रिबोर के नाम पर विभिन्न तारीखो मे फर्जी कार्य दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार इस अनियमितता की शिकायत समाधान दिवस मे भी की गयी किंतु अफसरो ने जांच के नाम पर गोलमोल आख्या भेजकर मामले मे लीपापोती का प्रयास जारी रखा है।

# महात्मा गांधी की वजह से ही आज मिली है आजादी: डा0 लालजी

### जिला कांग्रेस कार्यालय पर महात्मा गांधी को दी इर्ग भावभीनी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस पार्टी द्वारा देश भर में भारत जोड़ो पद यात्रा के विस्तार के रूप में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर झंडारोहण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

झंडारोहण के उपरांत उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि गांधी जी आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है, गांधी ने देश को आजादी दिलाकर हम सभी भारत वाशियों को सम्मान और गर्व से जीने की आजादी दी है, हमें इस आजादी को कभी भूलना नहीं है। आइये हम सब गांधी के सपनों का भारत बंनाने हेतु दृढसंकल्पित हों। उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह ने कहा कि गांधी जी वह सख्शियत थे जिन्होंने देश की गरीबी में जी रहे लोगों को देखकर ही मंहगे परिधान छोड़कर आधी धोती अपनाकर एक आदर्श प्रस्तुत किया। गांधी पर जितना पढ़ा जाए उतना ही कम है। डा0 सिंह ने कहा कि गांधी जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही देश को मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, कृष्ण कांत शुक्ल, अनिल प्रताप मौर्य, मो0 रफीक, नंदलाल मुसहर, राम शिरोमणि वर्मा, अब्दुल रहमान, रामधन यादव सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।


महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करते जिलाध्यक्ष व अन्य।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां उप निरी0 सुधांशु सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर जनपद चंदौली के थाना सैयदराजा में मफरुर वारण्टी अभियुक्त मुजीब उल्लाह पुत्र हबीब उल्लाह नि0ग्राम बिसहिया थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार कर लिखा पढीं करके न्यायालय भेजा।

## शहीदों की स्मृति में किया मौनधारण, भारत माता का हुआ जयघोष

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर देश की आजादी मे प्राण न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा अमर शहीदों की स्मृति में सोमवार को यहां वकीलों तथा अफसरो ने मौन धारण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। तहसील पार्क में अधिकारियों व कर्मचारियो तथा अधिवक्ताओं ने शहीदो की स्मृति मे जयकारे भी लगाये। हमारे शहीद अमर रहें तथा भारत माता के जयघोष से तहसील परिसर गूंज उठा दिखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सौम्य मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो व शहीदो ने अपना बलिदान देकर देश की आजादी तथा इसकी सम्प्रभुता की रक्षा मे हमे तत्पर रहने की प्रेरणा दी है। तहसीलदार न्यायिक सुप्रिया चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का बलिदान ही भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का सम्बल है। संयोजन करते हुए तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम एवं सरहद पर शहादत को नमन करते हुए लोगों से देश की एकता की मजबूती मे संकल्पबद्ध होने का आहवान किया। संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने किया। इसके बाद पार्क मे मौजूद बड़ी संख्या मे लोगों ने मौन धारण कर शहीदों की स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम को नायब तहसीलदार पंकज, लेखपाल संघ अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राममोहन सिंह, गया प्रसाद मिश्र, प्रमोद सिंह, लाल राजेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश मिश्र, उमेश नारायण तिवारी, इरफान, शैलेन्द्र मिश्र, उमाशंकर मिश्र, संजय सिंह, कमलेश तिवारी आदि रहे।

## शिक्षण संस्थाओं में रखा गया मौन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के शिक्षण संस्थाओं में शहीदी दिवस पर महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि देने के लिये सोमवार को 11 बजे दिन में मौन धारण किया गया। नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने बच्चों को महात्मा गांधी के बारे में बताया कि उनका आजादी में कितना बड़ा योगदान रहा और वह असमय दुनिया से चले गये। षिक्षिकाओं व बच्चों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसी प्रकार रीवरडेल स्कूल में बच्चों ने श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद भजन गाया। प्रबंधक मो0 इमरान खान ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने की बच्चों से आहवान किया।

## टैबलेट पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मोठिन स्थित राजकली रमाशंकर शुक्ल महाविद्यालय मे सोमवार को मेधावियो के चेहरे टैबलेट पाकर खिल उठे। महाविद्यालय के एमए तथा बीएससी तृतीय सेमेस्टर के एक सौ उन्तालिस छात्र छात्राओं को समारोहपूर्वक विद्यालय के प्रबंधक बलराम शुक्ल ने टैबलेट प्रदान किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दिलीप पाण्डेय ने कहा कि उच्च शिक्षा के ज्ञानार्जन में टैबलेट की महत्ता विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण मे बेहद प्रासंगिक है। अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक बलराम ने मेधावियो से मेहनत व लगन के साथ शैक्षिक ज्ञान को बढाए जाने का संकल्प लेने का आहवान किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल प्रभारी पंकज शुक्ल ने किया। छात्र छात्राओं को भी टैबलेट मिलने से खुश देखा गया। छात्रा संध्या शुक्ला, अनामिका श्रीवास्तव, मंजू वर्मा, रूपाली मिश्रा, स्मृति मिश्रा, राखी तिवारी आदि ने टैबलेट के जरिए अध्ययन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पंकज शुक्ल, शंभूनाथ वर्मा, सुरेश तिवारी, रवि यादव, संतोष मिश्र, प्रमोद मिश्र व पंकज मिश्र आदि रहे।

## विकल पाण्डेय अध्यक्ष व वीरपाल सिंह बने सचिव

### मेडिकल एवं सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** यूपी उत्तराखंड मेडिकल एवं सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स एसोसिएशन के जनपदीय इकाई का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें इकाई के वर्तमान सत्र का लेखा जोखा प्रस्तुत करने के साथ ही, नए सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

नई कार्यकारिणी के गठन के लिए अध्यक्ष पद को छोड़कर, सचिव व कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष पद पर विकल पाण्डेय ने भारी मतों से जीत हासिल की। जबकि सचिव पद पर वीरपाल सिंह व कोषाध्यक्ष पद पर संतोष विश्वकर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। यूपी उत्तराखंड मेडिकल एंड रिप्रजेंटेटिव्स एसोसिएशन के प्रांतीय निर्देश पर नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक व प्रदेश संयुक्त सचिव आशुतोष त्रिपाठी व सेंट्रल कमेटी के मेम्बर अजय चैरसिया की देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

दोनों पर्यवेक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति मजबूती की अपेक्षा जतायी। इस दौरान केमिस्ट-ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह, पूर्व सचिव डा. मनीष सिंह व डॉ. अमित पाण्डेय, बागीश मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, राकेश शर्मा, वाईपी सिंह, राजकुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।


मेडिकल एवं सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

## पांच वेंडरों का चालान, लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी

**प्रतापगढ़।** रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत रूप से खानपान की बिक्री करने के आरोप में पकड़े गए फूड प्लाजा के पांच वेंडरों का आरपीएफ और कामर्शियल इंस्पेक्टर की टीम ने चेकिंग अभियान में पकड़े जाने पर चालान कर दिया है। आरपीएफ का कहना है कि फूड प्लाजा पर स्वीकृत वेंडर से अधिक है। जो लाइसेंस की आड़ में गोरखधंधा कर रहे हैं। जिससे सीएमआई की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए हैं। ऐसा इसलिए भी कि एक दिन पूर्व ही आरपीएफ ने तीन वेंडर पकड़े थे। हालांकि सीएमआई ने भी सोमवार को दो वेंडर पकड़े।


## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चतुर्थ संघचालक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह उपाख्य रज्जू भैया की जन्मजयंती हर्षोल्लास पूर्वक और श्रद्धा के साथ मनाई गई। रज्जू भैया का जन्म 29 जनवरी को हुआ था कल रविवार होने के कारण विद्यालय में अवकाश था।

अस्तु शिशु भारती के भैया बहिनों ने रज्जू भैया की जयंती के उपलक्ष में आज एक शिशु सभा का आयोजन वंदना सभा के बाद करके रज्जू भैया को अपने श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सह ब्यवस्थपक एवम देवेश सिंह ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने रज्जू भैया के बारे में बताते हुए उनकी शिक्षा बाल्य काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वसेवक बनने से लेकर इलाहाबाद विश्विद्यालय में प्रोफेसर पद पर कार्य करते हुए संघ को बुद्धिजीवी वर्ग तक पहुंचाने विद्यार्थियों को संघ से जोड़ने और जोड़कर राष्ट्र कार्य में लगाने तक के विभिन्न प्रेरक प्रसंग सुनाए कार्य की दृष्टि से सरकार्यवाह बाद में सरसंघचालक रहकर राष्ट्र सेवा को सर्वस्पर्शी तथा मर्मस्पर्शी बनाने का प्रसंग बताकर भैया बहिनों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

शिशु भारती अध्यक्ष अथर्वदेव सिंह रौनक पटेल मंत्री बहिन मानसी सिंह मृत्युंजय पांडेय ज्योति यादव शनवी सिंह आदि ने भी अपने प्रसंग सुनाकर रज्जू भैया को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवम दीदियों ने रज्जू भैया के चित्र पर अपने श्रद्धा पुष्प अर्पित किए वंदे मातरम के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।


राजेन्द्र सिंह (फाइल फोटो)।

# अधिवक्ता पर रिपोर्ट दर्ज होने पर वकीलों ने की हड़ताल, अधिवक्ताओं ने की निंदा

## अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुन्डा बार काउंसिल के अधिवक्ताओं ने सोमवार को कुन्डा एसडीएम सतीशचंद्र त्रिपाठी को मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्री ज्ञापन दिया। ज्ञापन में प्रदेश के अधिवक्ताओं को पांच लाख तक का बीमा व मुख्य चिकित्सा बीमा के साथ आयुष्मान योजना से जोड़ा जाय, उ0प्र0अधिवक्ता कल्याण निधि समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के दावे के यथाशीघ्र निस्तारण किया जाय, जिले के प्रत्येक अधिवक्ताओं के चैंबर का निर्माण कराया जाय।

अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि दिया जाय 60साल से ऊपर 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जाय, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय। ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से प्रेमचन्द्र शुक्ल अध्यक्ष, प्रवीण कुमार मिश्र महामंत्री, दयाशंकर मिश्र, सिद्धनारायण यादव, नीरज कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार ओझा, अजय श्रीवास्तव राकेशकुमार श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ कार्यालय पर अधिवक्ताओं की आपात बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इंदुभाल मिश्र व संचालन संतोष नारायण मिश्र ने किया। बैठक में आकाश राय एडवोकेट के विरुद्ध नगर कोतवाली प्रतापगढ़ में पुलिस की मिलीभगत से साजिशन गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे पर अधिवक्ताओं ने कड़ी निंदा की।

इस दौरान करते हुए पुलिस के मनमाने रवैया के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया एवम सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज जनपद के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन किया। बैठक में जिला बार एसो. वकील परिषद के पदाधिकारी एवं जूनियर बार के शिव प्रकाश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र सैनी, सर्वेश शुक्ला, संतोष पांडे, शिवाकांत पांडे, राजेश मिश्र, योगेश शुक्ला, नीरज ओझा, संजय मिश्र, राम गोपाल तिवारी, ममता पांडे, मयंक शेखर मिश्र, हरीश शुक्ला, अजीत ओझा महेश यादव ऋषि कांत शुक्ला, आसिफ एवं तमाम अधिवक्ता विनोद मिश्र, रत्नाकर दुबे, दीपक मिश्र दीपू, आकाश राय, भूपेंद्र सिंह, सुधीर मिश्रा, संतोष सिंह ,अरुण त्रिपाठी, शेखर सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रस्ताव के प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण को प्रेषित।


हड़ताल कर विरोध जताते जूबाए के अधिवक्तागण।

## प्रदेशव्यापी मांगो को लेकर वकीलों ने किया धरना प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बार कौंसिल के आहवान पर सोमवार को यहां वकीलों ने विरोध प्रदर्शन के साथ तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ता कल्याणकारी निधि में धन आवंटन की मांग के साथ वकीलों के प्रदेशव्यापी उत्पीड़न को लेकर वकील खफा दिखे। वकीलों ने तहसील परिसर मे सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पार्क में धरने पर बैठ गये। अधिवक्ताओं ने मांगो के समर्थन में न्यायिक कामकाज का भी बहिष्कार किया। पार्क मे हुई आमसभा को संबोधित करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि प्रदेश सरकार वकीलों के हितो की अनदेखी कर रही है। उन्होने कहा कि वकील अपनी मांगो को लेकर यूपी विधानसभा का भी घेराव करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि पूरे प्रदेश मे वकीलो पर हमले हो रहे है और इसके विपरीत पुलिस की सह पर वकीलो पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे है। उन्होने कहा कि ऐसे माहौल मे भी प्रदेश सरकार अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लाये जाने की पहल नही कर रही है। श्री ज्ञानप्रकाश ने कहा कि विधानसभा के घेराव के बाद दिल्ली मे भी वकील इन मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। संयोजन उपाध्यक्ष बीके तिवारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी ने किया। सभा को अधिवक्ता अजय शुक्ल गुडडू, विकास मिश्र, धीरेन्द्र शुक्ला, संतोष पाण्डेय, संदीप सिंह, अनूप पाण्डेय, सिंटू मिश्र, विपिन शुक्ल आदि रहे।

# श्रीराम के सम्मुख रहने के लिए रावण ने किया था बैरः वेद व्यास भार्गव

### श्रीराम कथा व शतचंडी महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के लखनसेनपुर गांव में हो रही श्रीरामकथा व शतचंडी महायज्ञ में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालु कथा श्रवण के साथ ही माता शतचंडी के दर्शन कर जीवन को सार्थक बना रहे है।

क्षेत्र में चल रही नौ दिवसीय कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा का रसपान करने व शतचंडी माता के दर्शन के लिए दूर-दराज के श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो रही है। कथा सुनाते हुए वेद व्यास आचार्य भार्गव मुनि महाराज ने बताया कि मंदोदरी ने जब माता जानकी को प्रभु के पास भेजकर विभीषण की भांति उनकी शरण में जाने के लिए कहा तो रावण ने मंदोदरी से कहा की हमारी श्रीराम से बैर ईर्ष्या बस नही है बल्कि इसलिए किया हूं कि जिससे मैं भगवान को अपने सम्मुख देखता रहूं।उसने कहा की विभीषण तो अभागा है वह तो प्रभु के पीछे रहता है। मैं तो प्रभु के सम्मुख रहकर उनके मुख ,नयन के साथ ही उनकी मुस्कान व क्रोध का रसपान करता हूं। धन्य है प्रभु की माया जो राम रस में मिला उसका जीवन तर जाता है, जो दूर हुआ उसका जीवन नरक बन जाता है। इस दौरान मुख्य यजमान धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व अरुण प्रताप सिंह ने कथा के श्रवण के बाद श्रीराम भगवान की आरती करने के बाद कथा व्यास का आशीर्वाद लेकर कथा में आए श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर राजू सिंह चौहान, गदा जायसवाल, नन्हू कोरी, लवलेश कोरी, लल्लू राम पाण्डेय, स्वामी जी, अरुणेश सिंह चैहान, पिंटू सिंह, रजवंत सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, दुर्गा बक्श सिंह, मोनू सिंह, केशव दत्त पाण्डेय, दिनेश बैद्य, श्रीराम पाण्डेय, अनुभव गौड़, सम्राट मौर्य समेत सैकड़ों की संख्या में लोगो ने भाग लेकर कथा रूपी बहती अमृतधारा का रसपान करके श्रीराम के आदर्शो पर चलने की प्रेरणा ले रहे हैं।


लखनपुर में श्रीराम कथा कहते वेद व्यास भार्गव।

### टीकाकरण कैंप 31 जनवरी को

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के संयुक्त तत्वावधान में कोविड टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए ग्रुप के सहयोगी और क्लब के उपाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी ने बताया कि कैंप 31 जनवरी को सियाराम कालोनी स्थित रीवर डेल पब्लिक स्कूल में लगेगा। जिसमें कोविद शील्ड टीका लगेगा। उन्होंने लोगों से टीका अभियान में पहुंचकर उसका लाभ लेने का आह्वान किया है।

## विभिन्न विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आज से

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज नगर स्थित रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में इण्टरमीडिएट पत्राचार के तहत आज इक्तीस जनवरी को शोभा शिवदर्शन इण्टर कालेज रानीगंज कैथौला के परीक्षार्थियों के रसायन विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा होगी। वहीं इसी विद्यालय के भौतिक विज्ञान के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा तीन फरवरी को होगी। इसी क्रम में रामअंजोर मिश्र इण्टरमीडिएट कालेज के भूगोल तथा जीवविज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा दो फरवरी को व जगदीश नारायण इण्टर कालेज ढिगवस के परीक्षार्थियों की संगीत की प्रयोगात्मक परीक्षा इसी तिथि पर होगी। उक्त जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल ने परीक्षार्थियो से प्रातः नौ बजे विद्यालय पहुंचने की अपील की है।

# कुसुवापुर में 700 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

### राजा भइया ने शिविर का किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसुवापुर में सोमवार को राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान का शुभारंभ कुन्डा विधायक एवं जनसत्तादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया ने उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि को चिकित्सक डॉ मनोज कुमार वर्मा ने स्वागत करते हुए फूलों का गुलदस्ता भेंट किया।

नेत्र परीक्षण में 700 मरीजो में 240 मरीजो की आँखों में मोतिया बिन्द के लक्षण पाये जाने कुन्डा भेजा गया। बाकी 460 मरीजो का नेत्र परीक्षण कर दवा देकर घर भेज दिया गया। नेत्र शिविर कुन्डा में सभी मरीजो को रहने खाने पीने की ब्यवस्था किया जा रहा है। शिविर में चिकित्सक डॉ अरविंद पाल, डॉ मनोज वर्मा, डॉ सुरेंद्र, डॉ सुनील दत्त, डॉ अंतर सिंह, उर्मिला देबी कार्यक्रम प्रबन्धक, प्रमोद कुमार प्रोग्राम मैनेजर आदि स्टाफ मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ के एन ओझा, हरिओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख कालाकांकर बी एन सिंह, संजय त्रिपाठी ब्लाक अध्यक्ष जनसत्तादल, बब्लू यादव, मनोज त्रिपाठी, प्रकाशचन्द्र त्रिपाठी, योगेन्द्र सिंह, पिन्टू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


राजा भइया का स्वागत करते चिकित्सक डा0 मनोज वर्मा।

संपादकीय

# पाक अदालत की शरण में

**भारत** और पाकिस्तान के बीच अब ऐसे मामले पर विवाद उठ खड़ा हुआ है, जिसे सारी दुनिया के देश एक आदर्श संधि मानते रहे हैं। अब से 62 साल पहले जवाहरलाल नेहरु और अयूब खान के प्रयत्नों से सिंधु नदी के पानी को लेकर दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि हुई थी, उसका पालन कई युद्धों के दौरान भी होता रहा लेकिन भारत ने अब संधि के नियमों का हवाला देते हुए इसके प्रावधानों को बदलने की पहल की है। भारत ने पाकिस्तान को 90 दिन का नोटिस दिया है कि दोनों देश मिलकर अब संधि के मूलपाठ में संशोधन करें। संशोधन क्या-क्या हो सकते हैं, यह भारत सरकार ने अभी स्पष्ट नहीं किया है लेकिन जाहिर है कि वह ऐसे नियम अब बनाना चाहेगी कि जैसा तूल इस संधि ने अभी पकड़ा है, वैसा भविष्य में दोहराया न जाए। अभी भारत और पाकिस्तान के बीच जो विवाद चला है, वह इस बात पर है कि पाकिस्तान ने भारत की शिकायत हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय को कर दी है और उससे आग्रह किया है कि दोनों के मतभेद पर वह अपना पंच फैसला दे या मध्यस्थता करे। मूल संधि के अनुसार किसी भी आपसी विवाद को लेकर अंतरराष्ट्रीय अदालत में जाना तीसरा विकल्प है। पहले दो विकल्प हैं- या तो सिंधु आयोग में जाना या फिर किसी तटस्थ मध्यस्थ की सहायता लेना। भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद छिड़ा, दो बांधों को लेकर, जो भारत बनवा रहा था। भारत उन नदियों पर, जिनका ज्यादातर पानी पाकिस्तान जाता है, दो बांध बनवा रहा है। किशनगंगा और रातले पनबिजली योजनाओं से पाकिस्तान अपने लिए बड़ा खतरा महसूस कर रहा है। ये दोनों पनबिजली परियोजनाएं झेलम और चिनाब नामक नदियों पर बन रही हैं। पाकिस्तान को डर है कि इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को जानेवाले पानी को न केवल भारत रोकेगा बल्कि बांधों को अचानक खोलकर पाकिस्तान को बाढ़ में डुबाने की कोशिश भी करेगा। पाकिस्तान ने जब यह आपत्ति की तो सिंधु आयोग कोई फैसला नहीं कर सका। इस आयोग में दोनों देशों के अफसर शामिल हैं। तब पाकिस्तान ने पहल की कि कोई तीसरा तटस्थ व्यक्ति मध्यस्थता करे। पाकिस्तान की यह पहल सिंधु जल संधि के अनुकूल थी लेकिन 2015 में की गई इस पहल को अचानक 2016 में उसने वापस ले लिया। इसका कोई कारण भी उसने नहीं बताया। यह तो संधि की धारा 9 का उल्लंघन है। अब भारत की सहमति के बिना ही पाकिस्तान हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की शरण में चला गया है। इसी से नाराज होकर भारत ने अब पाकिस्तान को 90 दिन का नोटिस दे दिया है लेकिन आश्चर्य है कि हमारे विदेश मंत्रालय ने हेग के न्यायाधीशों को अभी तक संधि के नियमों के इस उल्लंघन के बारे में क्यों नहीं बताया? बेहतर तो यह होगा कि भारत हेग न्यायालय की मध्यस्थता को ही अस्वीकार कर दे। हेग के न्यायाधीशों ने क्या सिंधु जल-संधि के नियमों को पढ़े बिना ही इस मामले पर विचार करना स्वीकार कर लिया है? विचित्र यह भी है कि एक तरफ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भारत से सीधा संवाद करने की बात कहते हैं और दूसरी तरफ संवाद की राह से भटककर वे अदालत की शरण में जा रहे हैं।

(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)

## अनुपम खेर की आत्मकथा से मिलेंगे जीवन के अनजाने सबक

**पिछले** दिनों हिन्द पॉकेट बुक्स, पेंगुइन रेंडम हाउस ने कई उत्कृष्ट पुस्तकों का प्रकाशन किया है। पेंगुइन भारत में 1985 में स्थापित हुआ था और 1987 में केवल छह पुस्तकों के साथ छपाई शुरू हुई थी। देश के बड़े हिंदी प्रकाशक हिन्द पॉकेट बुक्स और भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे सफल अंग्रेजी व्यापार प्रकाशकों में से एक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया का 2013 में एक साथ आए और पब्लिशिंग हाउस के उद्योग में सबसे अधिक मान्यता प्राप्त नामों में से एक बन गए।

**जीवन के अनजाने सबक : एक आत्मकथा**

अनुपम खेर आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। बॉलीवुड में उन्होंने जो मुकाम हासिल किया, वह यूं नहीं मिला। उन्होंने न जाने जीवन में कितने पापड़ बेले हैं, तब जाकर इतनी उच्च उपलब्धि हासिल की है।

जीवन के अनजाने सबक में उन्होंने इन्हीं सब बातों का खुलासा किया है। एक लाजवाब, रोचक और बेबाक जीवनी में उनकी कई अनसुनी कहानियां, उदाहरण और सबक छुपे हुए हैं। अनुपम खेर अपनी ऐसी आत्मकथा के हीरो हैं, जिसमें नाटक, कॉमेडी और रोमांस सब कुछ है। आखिर किसे पता था कि शिमला जैसे छोटे शहर का एक लड़का एक दिन अभिनय की दुनिया में देश और दुनिया में इतना बड़ा नाम हासिल करेगा, जिसे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिलेंगे। पांच सौ से अधिक फिल्मों की वो यात्रा अब भी जारी है। अनुपम सिर्फ अपने खास लुक के लिए ही नहीं, बल्कि वे अपने बेबाक विचारों के लिए भी मशहूर हैं। इस पुस्तक में जीवन के अविश्वसनीय सबक छुपे हैं, जिसमें कोई भी भावी कलाकार अपने जीवन के अक्स देख सकता है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के एक गोल्ड मेडलिस्ट और अभिनेता-निमार्ता-लेखक और प्रेरक वक्ता अनुपम खेर एक ऐसे बहुमुखी प्रतिभाशाली कलाकार हैं, जिन्होंने 530 से ज्यादा फिल्मों, 100 नाटकों और कई टीवी कार्यक्रमों में काम किया है। वे दो राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड्स के विजेता हैं। उन्हें आठ फिल्मफेयर अवॉर्ड्स मिले हैं और वे बीएएफटीए के लिए नामांकित हुए। इसके अलावा सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री और पद्मभूषण सम्मान से भी पुरस्कृत किया।

# बजट 2023-24 से खुशियों भरी बारिश की कामना

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर पिछले कुछ दिनों से कुछ रिपोर्टस आ रही है, जिसमें भारत के भविष्य को काफी विकसित अर्थव्यवस्था, कुचल स्वास्थ्य क्षेत्र, एमएसएमई सहित अनेकों क्षेत्रों को रेखांकित किया गया है जिसके आधार पर हम कह सकते हैं कि, भारत का भविष्य तेजी से सुरक्षित दिशा में जा रहा है जिसका एक कारण अगले 25 वर्षों का विजन 2047 के तेजी से क्रियान्वयन को भी माना जा सकता है। हाल ही में आई जियोपोलिटिकल फीचर्स रिपोर्ट और एसबीआई की एमएसएमई संबंधी जारी रिपोर्ट में हम अंदाज लगा सकते हैं कि,तेजी से भारत की स्थिति समृद्धिता की ओर बढ़ रही है। बस अब हमें इंतजार है 2 दिनों के बाद 1 फरवरी 2023 को आने वाले पेपर लेस बजट का, जिसमें पूरे देश की जनता को उनके क्षेत्र में काम करने वाले पोर्टफोलियो के लिए माननीय वित्त मंत्री कुछ ना कुछ जरूर देगी। मेरा मानना है कि इस बजट में आयकर स्लैब बढ़कर 3 से 5 लाख तक होगी, मध्यमवर्गीय परिवारों को कुछ इंसेंटिव मिलेंगे और एमएसएमई शेत्र को लाभ मिलेगा। क्योंकि 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाली इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गैरंटी स्कीम को बढ़ाए जाने की पूरी संभावना है। चूंकि अभी बजट आने में मात्र 2 दिन बचे हैं, अतः हम इस आर्टिकल के माध्यम से बजट 2023 से अपेक्षाओं और संभावनाओं के लिए अंतिम अपेशाओं पर चर्चा करेंगे फि र सीधे बजट आने के बाद उसपर प्रतिक्रिया साझा करेंगे। साथियों बात अगर हम एमएसएमई क्षेत्र को सौगात मिलने की करें तो, इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) या बिना गारंटी वाले एमएसएमई लोन की सुविधा को सरकार अगले वित्त वर्ष 2023-24 में भी जारी रख सकती है। कोरोना काल में एमएसएमई की वित्तीय सुरक्षा के लिए वित्त मंत्रालय की पहल पर वर्ष 2020 के मई में ईसीएलजीएस की शुरूआत की गई थी। शुरू में इस स्कीम के तहत एमएसएमई को 3.5 लाख करोड़ रुपए का लोन दिया जाना था, लेकिन जरूरत को देखते इस स्कीम की अवधि भी बढ़ती रही और इस स्कीम के तहत पांच लाख करोड़ रुपए तक का लोन देने का फैसला किया गया। इस साल 31 मार्च 2023 को ईसीएलजीएस स्कीम की अवधि समाप्त हो रही है। एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, इस लोन स्कीम की वजह से कोरोना काल में 14.6 लाख एमएसएमई को वित्तीय संकट से बचाया जा सका है। स्कीम के तहत लोन मिलने से यह इकाइयां दिवालिया होने से बच गईं। ईसीएलजीएस के तहत अब तक 3.7 लाख करोड़ रुपये लोन दिए जा चुके हैं। उम्मीद के अनुसार, इस स्कीम के तहत दिए जाने वाले लोन की शर्तों को आसान बनाया जा सकता है, ताकि सेवा क्षेत्र से जुड़े एमएसएमई भी आसानी से लोन ले सकें। रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को देखते हुए एमएसएमई को सहायता देने की आवश्यकता है। जानकारों के अनुसार, वैश्विक मंदी को देखते हुए छोटे उद्यमी खासकर निर्यात से जुड़े कार्य करने वाले उद्यमियों की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है।

एमएसएमई मंत्रालय की तरफ से भी ईसीएलजीएस को जारी रखने की सिफारिश की गई है। इस स्कीम की खासियत यह है कि उद्यमियों को बिना किसी गारंटी के जरूरत के हिसाब से लोन मिल जाता है। एमएसएमई मीडिया से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम को भी आगामी बजट में प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 50 लाख रुपये तो सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपये तक की यूनिट स्थापित की जाने की संभावना है। शहरी क्षेत्र में यूनिट लगाने पर सरकार की तरफ से 15-25 प्रतिशत लागत राशि दी जाती है तो ग्रामीण क्षेत्र में लगानेपर सरकार 25-35प्रतिशत राशि देती है।एमएसएमई मंत्रालय के तहत काम करने वाला खादी ग्रामोद्योग विभाग प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रमुख एजेंसी के रूप में काम करता है। वित्त वर्ष 2021-22 में 7.84 लाख यूनिट की स्थापना पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत की गई है।

साथियों बात अगर हम एमएसएमई क्षेत्रको अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी और उसकी प्रगति और महत्व को देखें तो, रिपोर्ट के मुताबिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की संख्या जो 2020-21 में 4.2 करोड़ थी 2021-22 में घटकर 2.6 करोड़ रह गई है. जबकि इन उद्योग धंधो द्वारा लिये जा रहे कर्ज में 20 फीसदी का इजाफा हुआ है और इसका क्रेडिट जाता है सरकार द्वारा शुरू की गई आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना को जाता है जिसे खास तौर पर इन उद्योग-धंधो की मदद के लिए शुरू किया गया थाएसबीआई की रिपोर्ट की मानें तो 4.6 लाख एमएसएमई कंपनियां डूबने या एनपीए होने से बच गई औ 1.65 करोड़ परिवार बेरोजगार होने से बच गए. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस योजना से कुल 4 सदस्यों वाले 6.6 करोड़ लोगों की आजीविका बच गई। इसी के चलते एसबीआई ने तत्काल इस योजना में और सुधार करने की सिफारिश की है ताकि इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

ऐसे में जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर ये योजना क्या है। इस सेक्टर से जुड़े उद्यमियों की मदद के लिएआपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना के तहत 25 करोड़ रुपए तक के बकाया और 100 करोड़ रुपए के टर्नओवर वाले एमएसएमई लोन पाने के हकदार थे लेकिन नवंबर 2020 में संशोधन के बाद टर्नओवर सीमा को हटा दिया गया था। इस रिपोर्ट के बारे में आर्थिक मामलों के जानकारों ने कहा कि एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एमएसएमई की ग्रोथ बढ़ी है और ढेर सारी कंपनियां एमएसएमई की ढाई सौ करोड़ की लिमिट से ऊपर चली गई हैं, जिसकी वजह से वह छोटे कॉरपोरेट बन गए हैं। साथियों बात अगर हम आयकर स्लैब बढ़ोतरी और अन्य अपेक्षाओं की करें तो आयकर स्लैब में 3 से 5 लाख तक हो सकती है और धारा 80सी 80डी 80 ई की सीमाएं बढ़ाकर कुछ इंसेंटिव योजनाएं आ सकती है।

साथियों बात अगर हम 26 जनवरी 2023 को वित्त मंत्रालय में हलवा पुरी रस्म अदायगी कार्यक्रम बनाने की करें तो,बजट तैयार करने की प्रक्रिया के अंतिम चरण को रेखांकित करने वाला हलवा समारोह दोपहर नॉर्थ ब्लॉक में, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बजट तैयार करने की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल प्रथा के तौर पर हलवा समारोह आयोजित किया जाता है संविधान के निदेशों के तहत वार्षिक वित्तीय विवरण (आमतौर पर बजट के रूप में जाना जाता है), अनुदान मांग (डीजी), वित्त विधेयक समेत सभी 14 केंद्रीय बजट दस्तावेज केन्द्रीय बजट मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे, ताकि डिजिटल सुविधा के सरलतम रूप का उपयोग करके संसद सदस्य (सांसद) और आम जनता आसानी से बजट दस्तावेजों तक पहुंच सकें। यह दो भाषाओं (अंग्रेजी और हिंदी) में है तथा एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। ऐप को केंद्रीय बजट वेब पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है। वित्त मंत्री द्वारा 1 फरवरी, 2023 को संसद में बजट भाषण पूरा करने के बाद, बजट दस्तावेज मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूर्व विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि केंद्रीय बजट 2023 24 खुशियों भरी बारिश की कामना है केंद्रीय बजट 2023 24 अंतिम चरण लाख केंद्र प्रक्रिया शुरू हलवा समारोह संपन्न 1 फरवरी 2023 को स्त्रंस्त्री१ बजट आने का केंद्रीय बजट 2023 24 से एमएसएमई आयकर स्लैब बढ़ोतरी सहित मध्यमवर्गीय परिवारों को सौगात मिलने की संभावना है।




आयकर स्लैब बढ़ोतरी और अन्य अपेक्षाओं की करें तो आयकर स्लैब में 3 से 5 लाख तक हो सकती है और धारा 80सी 80डी 80 ई की सीमाएं बढ़ाकर कुछ इंसेंटिव योजनाएं आ सकती है। हलवा पुरी रस्म अदायगी कार्यक्रम बनाने की करें तो,बजट तैयार करने की प्रक्रिया के अंतिम चरण को रेखांकित करने वाला हलवा समारोह दोपहर नॉर्थ ब्लॉक में, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया

# पायलट के दौरों ने बढ़ाई गहलोत की धड़कन

रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** में सचिन पायलट की लगातार अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट को बार-बार आश्वासन दे रहा है कि उन्हें उचित मान सम्मान मिलेगा। प्रदेश की राजनीति में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मगर कांग्रेस आलाकमान द्वारा पायलट को ताकतवर बनाने की दिशा में अभी तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पाई है। इससे सचिन पायलट का भी धीरज जवाब देने लगा है। इसीलिए वह एक बार फिर मुखर होकर बयान देने लगे हैं। कुछ दिनों पूर्व सचिन पायलट भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पंजाब में राहुल गांधी से मिलकर राजनीतिक चर्चा की थी। उसके बाद लौटकर उन्होंने राजस्थान में जाट बहुल नागौर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, पाली व जयपुर में बड़ी-बड़ी जनसभाएं कर अप्रत्यक्ष रूप से गहलोत सरकार पर निशाना साध रहें हैं। पायलट की मीटिंगो में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहें हैं। हर जगह पायलट ने बेरोजगारों, युवाओं, किसानों, दलितों व पीड़ितों के पक्ष में बातें रखकर गहलोत सरकार को घेरने का काम किया है। सचिन पायलट की जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ को देखकर गहलोत के हाथ पांव फूल गए। उन्होने अपने मंत्रियों को तुरंत प्रदेश के दौरे पर रवाना कर जन समस्याओं को सुलझाने के निर्देश दिए हैं।

पायलट को यह बात अच्छी तरह समझ में आ चुकी है कि गहलोत के सामने कांग्रेस आलाकमान बेबस हो रहा है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी चाहे पायलट के धैर्य की कितनी भी तारीफ करें। गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनको कुछ भी मिलने वाला नहीं है। पायलट जान चुके हैं कि फिलहाल गांधी परिवार उन्हें सिर्फ दिलासा के अलावा और कुछ नहीं दे सकता हैं। मुख्यमंत्री गहलोत पायलट को बार-बार कांग्रेस से बगावत करने वाले नेता के तौर पर कठघरे में खड़ा करते रहते हैं। मगर गहलोत द्वारा स्वयं ही पार्टी आलाकमान के निदेर्शों को नहीं मानकर खुलेआम बगावत करने की घटना को गहलोत मात्र एक छोटी सी भूल बताकर उस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहते हैं। गहलोत समर्थक विधायकों द्वारा 25 सितंबर 2022 को जयपुर में कांग्रेस पर्यवेक्षक मलिकार्जुन खरगे व अजय माकन की उपस्थिति में कांग्रेस विधायक दल के समानांतर कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल के घर पर अलग से विधायकों की मीटिंग आयोजित कर विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंपने की घटना को गहलोत सिर्फ माफी मांग कर समाप्त कर देना चाहते हैं। उस घटना के बाद गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी मांग कर अपने को पाक साफ कर लिया था। जबकि सचिन पायलट को गहलोत अभी तक भी गुनाहगार मानते आ रहे हैं। सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान से इस बात को लेकर भी गहरी नाराजगी है कि कांग्रेस पर्यवेक्षकों के सामने समानांतर मीटिंग बुलाने के दोषी कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल, सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी व पर्यटन निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस दिए हुए करीबन साढ़े तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक उनके खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है। इतना ही नहीं उस घटना के दोषी तीनों ही नेता पार्टी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। पायलट कई बार कारण बताओ नोटिस देने वाले नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग कर चुके हैं। उसके उपरांत भी अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे पायलट को लगता है कि मुख्यमंत्री गहलोत के दबाव में कांग्रेस आलाकमान इन तीनों नेताओं के खिलाफ किसी भी तरह की कार्यवाही को टाल रहा है। जबकि सचिन पायलट ने जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कार्यशैली के खिलाफ बगावत की थी तब उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री के पद से तथा उनके समर्थक तीन मंत्रियों महाराजा विश्वेंद्र सिंह, रमेश मीणा, मुरारी लाल मीणा को तत्काल पद से बर्खास्त कर दिया गया था। पायलट की नजरों में उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। पायलट समर्थक सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा का कहना है कि 2013 में अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ा गया था। जिसमें कांग्रेस 200 में से महज 21 सीटों पर ही चुनाव जीत सकी थी। जबकि 2018 में सचिन पायलट कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। तब कांग्रेस ने वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते 100 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। ऐसे में उस वक्त 200 में से 21 सीट जीतने वाले को तो मुख्यमंत्री बना दिया गया था। जबकि 200 में से 100 सीट जीतने वाले को उप मुख्यमंत्री ही बनाया गया था। पायलट के साथ उस समय किया गया भेदभाव अभी तक जारी है। अब तो पायलट समर्थक भी मानने लगे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत ही अपने कार्यकाल का अंतिम बजट पेश करेगें। ऐसे में पायलट के मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें राजनीतिक रूप से कोई भी लाभ मिलने वाला नहीं है। इसीलिए सचिन पायलट ने अपनी रणनीति बदल ली है। हालांकि सचिन पायलट के पास सत्ता नहीं रहने के कारण विधायकों की संख्या कम है। विधायकों के संख्या बल पर ही मुख्यमंत्री गहलोत आलाकमान से अपनी हर बात मनवा लेते हैं। ऐसे में सचिन पायलट का पूरा फोकस युवा वर्ग पर हो गया है। सचिन पायलट गहलोत शासन में सरकारी परीक्षाओं के लगातार पेपर आउट होने पर खुलकर विरोध जता रहे हैं। पायलट ने तो यहां तक कह दिया की पेपर नकल करवाने वाले गिरोह के सरगनाओं को नहीं पकड़ा जा रहा है। राजस्थान में पिछले 4 साल में 14 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। ऐसे में सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी करने वाले नौजवानों के साथ बड़ा धोखा हो रहा है। पायलट का मानना है कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि पेपर तिजोरी में बंद रहते हैं तो फिर बंद तिजोरी से पेपर कौन से जादू के बल पर आउट हो रहे हैं। सचिन पायलट द्वारा यह एक तरह से सीधा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा जा रहा है। पायलट के बयानों को युवाओं में भारी समर्थन मिल रहा है। इसी के चलते पायलट जहां भी जाते हैं बड़ी संख्या में नौजवान उनका समर्थन करने पहुंच रहे हैं। हाल ही में पायलट ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बहाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोला है। पायलट ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में हमने प्रदेश की जनता से वायदा किया था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर वसुंधरा राज्य के मुख्यमंत्री कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाई जाएगी। मगर चार साल बीत जाने के बाद भी वसुंधरा राजे के खिलाफ आज तक किसी भी तरह की कोई जांच नहीं की गई है। वसुंधरा राज के जिन घोटालों पर हमने आरोप लगाए जिनके सबूत हैं। मगर उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि केंद्र सरकार गांधी परिवार को बेवजह परेशान कर रही है और राजस्थान में हमारी सरकार बीजेपी राज के घोटालों पर कार्रवाई नहीं करती? यह मिल बांटकर सत्ता सुख भोगने की राजनीति का हिस्सा नहीं तो और क्या है? इन परिस्थियों में कांग्रेस आलाकमान को तेजी से निर्णय लेना होगा। यदि समय रहते पायलट व उनके समर्थकों को राजस्थान की राजनीति में पर्याप्त महत्व नहीं मिलता है तो अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस फिर से सत्ता में बने रहने का ख्वाब पूरा नहीं कर पाएगी।

# अगर न मगर-अहिंसा की डगर

योगेश कुमार गोयल

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर 30 जनवरी को कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद करेगा। साल 1949 से इस परंपरा का निर्वहन हम करते आ रहे हैं। अहिंसा की राह पर चलते हुए देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति दिलाने वाले गांधी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया है। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर कई किताबें भी लिखीं, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं क्योंकि उनके ये अनुभव, उनका अहिंसा का सिद्धांत, उनके विचार आज भी उतने ही सार्थक हैं, जितने उस दौर में थे। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा, जात-पात और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा, चरखा, जिसे आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया। गांधी अक्सर कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप अगर दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं बल्कि उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि अब देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का बिल्कुल सही मौका है। इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए इस समय देश में बड़े पैमाने पर आन्दोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आन्दोलन का सामना नहीं कर पाएगी। आखिरकार उसे आन्दोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और स्वतंत्रता पाने में आसानी होगी। जब यही बात गांधी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से साफ इन्कार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गांधी ने आन्दोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आन्दोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत था। मोहनदास करमचंद गांधी की शादी पोरबंदर के एक व्यापारी परिवार की बेटी कस्तूरबा के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद वे उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गए। वकालत की पढ़ाई करके स्वदेश लौटे और स्वतंत्रता संगाम में कूदे। 1919 में उन्होंने अंग्रेजों के रॉलेट एक्ट कानून का विरोध किया, जिसमें बिना मुकदमा चलाए किसी भी व्यक्ति को जेल भेजने का प्रावधान था।

इस कानून के खिलाफ उन्होंने सत्याग्रह की घोषणा की। 1906 में महात्मा गांधी ने ट्रासवाल एशियाटिक रजिस्ट्रेशन एक्ट के खिलाफ पहला सत्याग्रह शुरू किया । 12 मार्च 1930 को नमक सत्याग्रह शुरू किया। इसके लिए अहमदाबाद के पास स्थित साबरमती आश्रम से दांडी गांव तक 24 दिन तक पैदल मार्च किया। देश की आजादी के लिए उन्होंने दलित आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन, नागरिक अवज्ञा आन्दोलन, दांडी यात्रा और भारत छोड़ो आन्दोलन आदि का नेतृत्व किया। गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। 30 जनवरी, 1948 को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। 02 अक्टूबर, 1869 को पोरबंदर में जन्मे मोहनदास करमचंद गांधी ने राजनीति में कभी कोई बड़ा पद हासिल नहीं किया लेकिन अपने कार्यों की बदौलत साधारण से नागरिक से महात्मा गांधी बन गए और आज राष्ट्रपिता के रूप में जाने जाते हैं। दरअसल 06 जुलाई 1944 को रंगून रेडियो स्टेशन से पहली बार महात्मा गांधी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्रपिता कहकर सम्बोधित किया था।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## हर जगह बदल गए

विजय गर्ग

**हर** जगह को बना दिया एक नक्शेबाज-सा मेट्रो सिटी। जिस भी शहर को देखा जाए, उसकी तासीर और पहचान, सब इस वैश्विक गांव की परंपरा में खत्म हो गए हैं। मुरादाबाद पीतल के लिए जाना जाता था। वहां पीतल का सामान ही नदारद है और वह प्रसिद्ध गली ही गायब दिखी, जहां एक साथ पीतल का छोटा-बड़ा काम करते हुए कितने कारीगर मिल जाते थे। अलीगढ़ जाकर बेल्ट, ट्राफी और मेडल के कारीगर खोजा, तो वे वहां नहीं मिले। बेल्ट वाली गली को तोड़ कर वहां मल्टीप्लेक्स बना दिया गया है। कारीगर अब मजदूर होकर कहीं और चले गए हैं। अजमेर गुलाब और गुलकंद के लिए प्रसिद्ध माना जाता था, वहां अब ये दोनों ही खोजने पड़ते हैं। कहां गए वे लोग? अब किसी भी शहर में जाते हुए डर लगने लगता है कि बड़ी व्यावसायिक दुकानों और परिसरों ने उसे भी बदल न दिया हो। शहर भी कैसे अजीब से हो गए हैं। कानपुर की एक कनपुरिया बोली होती थी। वह सिरे से गायब है। कुछ लोग उसे अब किस्सागो किसी तरह जीवित कर रहे हैं। पर इस तरह कैसे? एक शहर एक जीता जागता जीवन दर्शन होता है। वह उसे रहना ही चाहिए। मगर आज कस्बे भी एकदम आडंबरों में ढलते जा रहे हैं, गांव अब जबर्दस्ती शहर होने को व्याकुल हो गए हैं। हर हाथ में मोबाइल है। इसने शहरों की तासीर बदलकर सबको नकलची की तरह का कुछ बना दिया है। शहर भी कभी मौन होकर सोचते होंगे कि क्या थे हम और ये हमारे निवासी हमको क्या से क्या बनाते जा रहे हैं।

# अधिवक्ताओं ने प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की उठाई मांग

## अधिवक्ता समाज को आगे बढाने व लोगों को न्याय दिलाने वाले वकीलों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज एवं बीमा तथा आयुष्मान योजना से जोड़ा जाये

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यहरन एड की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज को आगे बढाने व लोगों को न्याय दिलाने वाले वकीलों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज एवं बीमा तथा आयुष्मान योजना से जोडा जाये।

सोमवार को अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यहरन की अगुवाई में एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अधिवक्ताओं के लिए कोई आर्थिक एवं सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है।

बार काउंसिल के अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी ने 16 अगस्त को ज्ञापन भी दिया था। इस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी परिप्रेक्ष्य में अधिवक्ता क्रमिक अनशन पर हैं। भविष्य में मांगों पर विचार न करने पर अधिवक्ता



हडताल, धरना, प्रदर्शन, अनशन, सडक जाम समेत न्यायिक कार्य से विरत रहकर विधानसभा का घेराव करने को मजबूर होंगे। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की कि अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज, बीमा व आयुष्मान योजना से जोडा जाये। प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि में मृतक अधिवक्ताओं के लम्बित दावों का जल्द निस्तारण भुगतान कराया जाये। खासतौर पर तहसील कर्वी समेत सभी तहसीलों में अधिवक्ताओं के चेम्बर बनवाये जायें। अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि दी जाये। साठ वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं को चार हजार रुपये पेंशन लागू की जाये।

एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये। ज्ञापन देने में अध्यक्ष के साथ सचिव मान सिंह, बिन्दा प्रसाद प्रेमी, अनुजा श्रीवास्तव, प्रभात शुक्ला, अशोक कुमार सिंह, विजय प्रकाश सिंह, त्रिभुवननाथ सिंह, अनुराग सिंह चन्देल, शमीम हसन, लक्ष्मण प्रसाद, अनूप गुप्ता, इस्त्याक हुसैन सिद्दीकी, महेश गुप्ता, रवीन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# डीएम-एसपी ने देखी एमएलसी चुनाव के मतदान की व्यवस्थायें



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 इलाहाबाद झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल निष्पक्ष तथा शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने मतदान केन्द्रों का जायजा लिया।

सोमवार को इलाहाबाद झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने को डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कर्वी ब्लाक के चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के बूथों का निरीक्षण कर मतदान में लगे कर्मियों तथा जोनल/सेक्टर मजिस्टेज्टों से कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार सकुशल मतदान सम्पन्न करायें।

उन्होंने विकासखण्ड पहाडी एवं तुलसी इंटर कालेज राजापुर का भी निरीक्षण कर मतदान केन्द्र की व्यवस्थायें देखी। उन्होंने बताया कि शाम चार बजे तक 89.5 फीसदी मतदान हुआ है।

# भाकपा ने धर्म निरपेक्षता बचाओ दिवस मनाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में कलेक्टेज्ट सभागार में देश के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में दो मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम नमामिगंगे सुनन्दू सुधाकरण, एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव समेत कलेक्टेज्ट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सोमवार को इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने शहीद दिवस पर शहीदों की याद में पुलिस कार्यालय में दो मिनट का मौनधारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन राजकमल, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे। कांग्रेस जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में पांचों ब्लाकों में भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रामनगर ब्लाक अध्यक्ष शिवशंकर खंगार, पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय, मानिकपुर ब्लाक में सेवा दल के प्रदेश सचिव कुलदीप मिश्रा, कांग्रेस नेता कमलदत्त मिश्रा, बरगढ क्षेत्र में प्रांजल रस्तोगी, मऊ नगर में सुमन विश्वकर्मा, पहाडी में ब्लाक अध्यक्ष कामता प्रसाद द्विवेदी ने ध्वजारोहण कर गोष्ठी को सम्बोधित किया। इस मौके पर अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, कालीचरन राजपूत, यमुना शुक्ला, विजयमणि त्रिपाठी समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे। भाकपा जिला सचिव का अमित यादव की अगुवाई में शहादत दिवस पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर धर्म निरपेक्षता बचाओ दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता ऐसे नहीं हुए, वे सर्वधर्म सम्भाव वाले विचारों के सागर थे। देश को आजाद कराने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। साम्प्रदायिक व फिरका परस्त ताकतों को धर्म निरपेक्ष विचार रुपी गांधी रास नहीं आये। इस मौके पर पूर्व विधायक रामप्रसाद सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सत्यहरन यादव, का संदीप पाण्डेय, का दादूराम, का सुशील सिंह, जागेश्वर यादव, बृजभूषण, सुरेन्द्र कुमार, राजधर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरूक

**चित्रकूट।** द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने रामनगर, मऊ, मानिकपुर एवं पहाडी के चयनित गांवों में विश्व कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर गतिविधियां चलाई। सोमवार को द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट ने विभिन्न ब्लाकों में विश्व कुष्ठ रोग निवारण दिवस पर प्रधान एवं ग्रामीणों से कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी की। टीम ने ग्रामीणों को कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इलाज के प्रति जागरूक किया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, एएनएम एवं पायलेट के सहयोग से सभी को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधान समूह की महिलायें, आशा, आंगनबाडी कार्यकत्री एवं ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

# मत्स्य विभाग के तालाबों से हटाये जायेंगे 55 अतिक्रमणकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला प्रशासन ने 55 घरों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। ग्रामीणों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह का समय घर खाली करने को दिया है। ये नोटिस 20-25 दिन पहले जारी की गई है। अब फिर से नोटिस चस्पा कर एक सप्ताह का समय दिया गया है।

सोमवार को जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन का बुलडोजर लगातार गरज रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही के लिए खासे सक्रिय दिख रहे हैं।



इधर, ग्रामीणों ने कहा कि 70 वर्षों से यहां रह रहे हैं। प्रशासन उन्हें हटाता है तो उनके रहने की व्यवस्था करे। इस पूरे मामले में इस साथ 55 घरों में बुलडोजर चलाने की तैयारी है।

जिला प्रशासन पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन तानाशाही ढंग अपनाकर घर खाली करा रहा है। दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि मत्स्य विभाग की जमीन पर 55 लोग अवैध ढंग से काबिज हैं। कर्वी तहसील के कालूपुर पाही गांव में बुलडोजर चलाने की तैयारी की गई है। एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण खाली न होने पर प्रशासन सख्त कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कर देगा। इस भूखण्ड पर रहने वाले ग्रामीणों को नोटिस जारी कर दी गई है। मत्स्य विभाग के निरीक्षक दीपक मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों ने मत्स्य विभाग के तालाबों पर अतिक्रमण कर निर्माण किया है।

# दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में बहिलपुरवा थानाध्यक्ष गुलाबचन्द्र सोनकर की टीम ने दुष्कर्म एवं एससी-एसटी एक्ट व पाक्सो एक्ट के वांछित नरेन्द्र शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी सलोनी थाना नारनौल जिला महेन्द्रगढ हरियाणा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में बहिलपुरवा थानाध्यक्ष समेत सिपाही शक्ति सिंह, संदीप यादव, नरसिंह राव शामिल रहे। इसी क्रम में सडक हादसे के आरोपी बिहारी लाला पुत्र बुद्धन



रैदास निवासी झोपडपट्टी नई बस्ती कीटगंज जनपद प्रयागराज को न्यायिक मजिस्टेज्ट मऊ ने 25 सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर न्यायालय में लम्बित मामले की पैरवी थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह एवं पैरोकार रविप्रकाश ने की थी। लोक अभियोजक कपिल त्रिपाठी की प्रभावी बहस के चलते न्यायिक मजिस्टेज्ट मऊ ने हादसे के मामले में सजा सुनाई है।

# सीमैप में मंगलवार से लगेगा किसान मेला, पहुंचेंगे 25 राज्यों के छह हजार किसान

**लखनऊ।** केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) में मंगलवार से लगभग 25 राज्यों से छह हजार प्रगतिशील किसान जुटेंगे। चार फरवरी तक संस्थान में लगने वाले मेले में मेंथा की उन्नतशील क्वालिटी के बीजों का वितरण के साथ ही किसानों को उद्यमी बाजार के रुख से अवगत कराएंगे। मेले में किसान गोष्ठी भी आयोजित होगी, जिसमें किसान एक-दूसरे से अपने अनुभवों को साझा करेंगे। यह जानकारी सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अतिथि रहेंगे। इस मेले में किसानों को 40 से 50 हजार किलो उन्नतशील मेंथा के बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें प्रमुख रूप से उन्नति, कोशी, क्रांति, सरयू प्रजातियों के बीज होंगे। इस मेले में सगंध पौधों से संबंधित उद्योग चलाने वाले मुम्बई, दिल्ली आदि से उद्योगपति भी आएंगे, जो किसानों को बाजार की स्थिति से अवगत कराएंगे। यह किसान मेला चार तक चलेगा। इसका समापन सात फरवरी को पंतनगर



में होगा। उन्होंने कहा कि इस मेले में तमिलनाडु, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलगांना, बिहार, मध्यप्रदेश, उतराचंल, ओडिसा, केरल आदि राज्यों के साथ ही पूर्वोत्तर के राज्यों से भी किसान पहुंचेंगे। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसानों की आय दोगुनी करने के अभियान में सीमैप का योगदान के बारे में कहा कि हम सरकार के ही अंग हैं। हमने की आय पांच गुना तक बढ़ाई है। कई जगह जहां किसानों को खेती में नुकसान हो रहा था, आज वे खुशहाल हैं और उनकी आमदनी पांच गुना तक बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले चार साल में एरोमा मिशन के तहत 3000 क्लस्टर तैयार हुए हैं। आज 30 हजार हेक्टेयर पर खेती खेती हो रही है। पहले जहां मेंथा का आयात होता था, इस वर्ष छह सौ टन भारत से दूसरे देशों में मेंथा तेल निर्यात हुआ है।

# कुष्ठ रोग से लड़ने की दिलाई शपथ, मरीजों को किट बांटी

**हमीरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर सोमवार को कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। इसके साथ ही एक माह तक चलने वाले सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं निगरानी अभियान की शुरूआत हो गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामअवतार ने कुष्ठ से लड़ने की शपथ दिलाई। कुष्ठ की वजह से दिव्यांग हुए मरीजों को किट वितरित की और प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण



के साथ हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज संभव है। शरीर में किसी भी तरह के दाग-धब्बे या सुन्नपन आता है। तो तत्काल इसे डाक्टर को दिखाना चाहिए। ताकि समय से उपचार हो सके और कुष्ठ का निवारण हो। उन्होंने कहा कि आज से सघन कुष्ठ रोगी खोज एवं निगरानी अभियान शुरू हो रहा है, इस अभियान में सभी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाएं ताकि कुष्ठ पर अंकुश लगाया जा सके। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा. कमलेशचंद्र ने बताया कि कुष्ठ रोग बैक्टीरिया (माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रे) के कारण होता है। प्रभावित मरीज के उपचार न कराने के कारण यह रोग दूसरे लोगों तक पहुंचता है। उन्होंने बताया कि गहरी रंग की त्वचा के व्यक्ति में हल्के रंग के धब्बे और हल्के रंग के व्यक्ति की त्वचा में गहरे अथवा लाल रंग के धब्बे कुष्ठ के लक्षणों में आते हैं। इस कार्यक्रम में कुष्ठ की वजह से दिव्यांग हुए करीब 40 मरीजों को सेल्फ केयर किट, एमसीआर चप्पल, कंबल और फल वितरित किए गए। इसके बाद प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कुष्ठ के 27 मरीज उपचाराधीन है और 67 ऐसे मरीज हैं जो कुष्ठ की वजह से दिव्यांग हो चुके हैं, जिन्हें प्रतिमाह तीन हजार रुपए पेंशन मिल रही है।

# लोगों को दंडित किये बिना नहीं मिलेगी सफलताः राकेश

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी के कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छता अभियान में बिना लोगों को दंडित किये कामयाबी नहीं मिल सकती। सभी लोग अपना फर्ज ईमानदारी से निभायें तो स्वच्छता में सफलता मिल सकती है। सोमवार को ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी बताया कि कामतानाथ की परिक्रमा मार्ग में अव्यवस्था को गम्भीरता से लेकर प्रयास करने की जरूरत है। दूर-दूर से लोग

**एक नायक को एक वार्ड की जिम्मेदारी दी जाये। उस समय उसे व्यवस्था को दुरुस्त करने को दिया जाये**

कामतानाथ की परिक्रमा करने आते हैं। यहां से अच्छी छवि लेकर जायें, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। कामतानाथ की अच्छी छवि बनाने को वह लगातार प्रयासरत हैं। नगर पालिका के सभी नायकों की बैठक बुलाई जाये। उन्होंने बताया कि एक नायक को एक वार्ड की जिम्मेदारी दी जाये। उस समय उसे व्यवस्था को दुरुस्त करने को दिया जाये। इसके बाद अचानक उस वार्ड का बिना बताये सर्वे किया जाये। उच्च अधिकारियों के सर्वे से व्यवस्था में बेहतर सुधार हो सकता है। नगर पालिका को सफाई व्यवस्था में नम्बर वन लाने को अभी बहुत प्रयास करने होंगे।

# गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक निर्वाचन : 43.19 प्रतिशत हुआ मतदान

गोरखपुर। गोरखपुर-फैजाबाद निर्वाचन खंड का मतदान सुबह आठ बजे से चार बजे तक हुआ। गोरखपुर सहित 17 जिले में सकुशल संपन्न हुआ। कुल 43.19 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान बलरामपुर में 60.08 प्रतिशत और सबसे कम गोरखपुर में 33.83 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रत्याशी अपने मतदाताओं को लुभाने के लिए रात दिन एक कर दिए थे, लेकिन मतदाताओं में निराशा दिखी। जिसका नतीजा रहा कि 17 जिले में सिर्फ 43.19 प्रतिशत ही मतदान हो सका।

# मां-बेटे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने वाला आरोपी साथी संग गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमतीनगर के विरामखंड तीन में मां-बेटे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। अंतरंग संबंध टूटने से आहत होने पर युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) हृदेश कुमार ने सोमवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि मां-बेटे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने के मामले में दो अभियुक्तों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान दिल्ली के ग्राम ओचंदी निवासी विक्रम उर्फ विक्की, मोहित कुमार



के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्त विक्की ने बताया कि विकास वर्मा के बीच करीब आठ सालों से घनिष्ठ अन्तरंग संबंध थे। लेकिन कुछ दिनों से वह उससे मतलब नहीं रख रहा था। जब उसने बात की तो कहा कि अब वो उससे दोस्ती नहीं रखना चाहता है। इसी वजह से वह आहत हो गया और अपने मामा के लड़के मोहित और दीपक के साथ योजना बनायी। घटना वाली रात कार की बैटरी से ज्वलनशील पदार्थ लेकर दिल्ली से लखनऊ आये। यहां पर एक परिचित व्यक्ति की मोटर साइकिल लेकर विकास के घर पहुंचे। आवाज देकर दरवाजा खटखटाने पर बाहर निकले मां-बेटे पर ज्वलनशील पदार्थ फेंका। इसमें विकास गंभीर रूप झुलसा तो कुछ छींटे उसकी मां पर भी पड़े।

वारदात के बाद वे लोग दिल्ली भाग गए थे।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई संबंधित थाना पुलिस की ओर से की जा रही है।

## यूक्रेन को टैंक की मदद का वादा: उत्तर कोरिया ने अमेरिका पर लगाया छद्म युद्ध बढ़ाने का आरोप

**टीम भारत का टाइम/नई दिल्ली**, यूक्रेन को टैंकों की मदद की वाशिंगटन के फैसले की आलोचना करते हुए उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि रूस को नष्ट करने की मंशा से अमेरिका छद्म युद्ध को बढ़ा रहा है। शुक्रवार देर रात जारी बयान में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने यूक्रेन संकट के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए उसपर टैंक भेजकर रेड लाइन पार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरूआत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मॉस्को से लड़ने के लिए कीव को शक्तिशाली टैंक 31 एम1 अबराम देने का वायदा किया है। इसे लेकर उत्तर कोरिया की तरफ से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। उत्तर कोरिया ने वाशिंगटन को कट्टर अपराधी बताते हुए दावा किया है कि प्योंगयांग हमेशा रूस के साथ खड़ा है। सीरिया और रूस के अलावा उत्तर कोरिया इकलौता देश है जिसने पूर्वी यूक्रेन में दो रूसी समर्थित अलगाववादी इलाके लुहांस्क और डोनेट्स्क की स्वतंत्रता को मान्यता दी है।

## इराकी अदालत ने सामूहिक हत्या के आरोप में 14 आतंकियों को फांसी सुनाई

**बगदाद**, इराक की एक अदालत ने करीब 14 आतंकियों को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने यह सजा वर्ष 2014 में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएस) ने सलाहुदीन प्रांत की राजधानी तिकरित पर कब्जा के दौरान सामूहिक हत्या मामले सुनाई है। इराक की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने एक बयान में कहा कि 'सेंट्रल क्रिमिनल कोर्ट ने 14 आतंकियों को फांसी देने का आदेश जारी किया है। इन पर सामूहिक हत्या के आरोप थे। जून 2014 में आइएस के सशस्त्र आतंकियों ने इराकी सुरक्षा बलों पर अचानक धावा बोल दिया था और देश के उत्तर एवं पश्चिम में बहुत बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद सेना अपने पोस्ट से भाग निकली थी। तिकरित के उत्तर में एक वायुसैनिक अड्डे से भागे 1,700 सैनिकों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी थी। बाद में आतंकी संगठन ने वीडियो और फोटो पोस्ट किया, जिसमें उसने अपने आतंकियों को ट्रकों से दर्जनों सैनिकों को ले जाते और उसके बाद सिर झुकाने के लिए बाध्य कर गोलियों की बौछार करते दिखाया था। उल्लखेनीय है कि इराक में पत्रकारों की हत्या को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इराक और सीरिया में पिछले 20 सालों में 578 पत्रकार मारे गए, जो दुनिया में हुई कुल मौतों (पत्रकारों की मौत) का 33 प्रतिशत है। इराक और सीरिया के बाद अफगानिस्तान, यमन और फिलिस्तीन में पत्रकारों की सबसे अधिक मौतें हुई हैं। अगर वैश्विक रूप से पुरी दुनिया की बात करे तो साल 2012 और साल 2013 के दौरान सबसे अधिक क्रमश: 144 और 142 पत्रकारों की मौत हुई थी।

## वेस्ट बैंक पर इजरायल के हमले के बाद बढ़ा तनाव, गाजा के लड़ाकों ने दागे रॉकेट

**यरुशलम**, फिलिस्तीन के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले के बाद तनाव बढ़ गया है। इस हमले में सात आतंकवादियों व एक महिला सहित नौ की लोगों की मौत और 20 लोग घायल हुए थे। इजरायल के हमले के बाद गाजा के उग्रवादियों ने रॉकेट दागे। जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने शुक्रवार को हवाई हमले किए। इस साल अब तक 30 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इस इलाके में दो दशकों में सबसे घातक यह हमला था। इलाके क्षेत्र में हिंसा भड़कना इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणपंथी सरकार के लिए चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की अगले सप्ताह इस क्षेत्र की संभावित यात्रा है। ऐसे में हुई इस घटना का असर पड़त सकता है। सेना ने कहा कि इजरायल पर दागे गए पांच रॉकेटों में से तीन को इंटरसेप्ट करके पहले ही रोक दिया गया था। एक रॉकेट खुले क्षेत्र में गिरा और दूसरा गाजा के भीतर गिरा। इसने कहा कि हवाई हमले हमास के साथ–साथ उग्रवादी प्रशिक्षण क्षेत्रों के लिए एक भूमिगत रॉकेट निर्माण स्थल को लक्षित करते हैं। रॉकेटों से दक्षिणी इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजाए गए। मगर, दोनों ओर से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। गुरुवार को हुई गोलीबारी में नौ लोग मारे गए और 20 घायल हो गए। इजरायल की सेना ने जेनिन कैंप में ऑपरेशन किया था। इसमें कहा गया था कि यह इजरायलियों पर एक होने वाले एक हमले को रोकने के लिए किया गया था। बताते चलें कि वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में पिछले साल लगभग 150 फिलिस्तीनी मारे गए थे। साल 2004 के बाद से उन क्षेत्रों में 2022 सबसे घातक रहा है।

## पौलेंड में धमाके से भवन ध्वस्त, सात घायल व दो लापता

**वॉरसा**, पोलैंड के दक्षिणी भाग के केटोवाइस में एक पुराने पैरिश हाउस का आधा हिस्से को एक विस्फोट के बाद ध्वस्त हो गया। इस विस्फोट से सात लोग घायल हुए है और दो महिलाएं अभी लापता हैं। फायर विभाग की शुरूआती जांच के अनुसार तीन मंजिला इमारत में विस्फोट घरेलू गैस के उपयोग से हुआ होगा। हादसे में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के अग्निशामकों के उप प्रमुख वरिष्ठ ब्रिगेडियर मिरोस्लाव सिनोविएक ने कहा कि शुरूआती जांच के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि यह विस्फोट घरेलू गैस के इस्तेमाल के दौरान है। फिलहाल विस्फोट के कारणों की पुख्ता जांच नहीं हुई है। एक खोजी कुत्ता खोज में मदद कर रहा है। इस मकान में रहने वाली दो महिलाएं लापता बताई जा रही हैं। पुलिस उन्हें खोज रही है। स्थानीय लोगों ने मीडिया को बताया कि घायलों में छोटे बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा चुका है। विस्फोट के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई थी। आसपास रहने वालों ने घायलों की मदद की।

## नेपाल सुप्रीम कोर्ट ने उप प्रधानमंत्री रबी लामिछाने को किया बर्खास्त, गृह मंत्रालय भी गया

**काठमांडू**, नेपाल की नवनियुक्त सरकार के उप प्रधानमंत्री रबी लामिछाने को नागरिकता और पासपोर्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पद से बर्खास्त कर दिया है। शीर्ष अदालत की एक संवैधानिक पीठ ने शुक्रवार को उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रबी लामिछाने को नागरिकता और पासपोर्ट मामले में दोषी पाया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने 2022 के आम चुनाव के बाद उप प्रधान मंत्री और गृह मामलों के मंत्री बने थे। रबी लामिछाने का नेपाल का डिप्टी पीएम और गृह मंत्री बनना काफी चर्चा में रहा। राजनीति में आने से कुछ ही महीने पहले तक लामिछाने एक टीवी एंकर थे और वे टीवी शो होस्ट करते थे। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की शुरूआत की। अपने पहले ही चुनाव में वे राजनीति के शिखर पर पहुंच गए। उनकी पार्टी आम चुनावों में चौथी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी।

## भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अमेरिकी वायु सेना के ब्रिगेडियर जनरल नामित

**वाशिंगटन**, भारतीय मूल के चर्चित अंतरिक्ष यात्री राजा जे चारी अमेरिकी वायु सेना में ब्रिगेडियर जनरल बनाए जाएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नासा में कार्यरत चारी को ब्रिगेडियर जनरल के रूप में नियुक्त करने के लिए नामित किया है। भारतीय मूल के राजा जे चारी इस समय ह्यनेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशनह्व (नासा) के टेक्सास स्थित जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में क्रू–3 के कमांडर एवं अंतरिक्ष यात्री के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार अमेरिकी वायु सेना से कर्नल का ओहदा प्राप्त 45 वर्षीय राजा जे चारी की ब्रिगेडियर जनरल के रूप में नियुक्ति संबंधी दस्तावेज को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंजूरी दे दी है। अब उनके नामांकन को अमेरिकी सीनेट से मंजूरी लेनी होगी। अमेरिकी नियमों के अनुसार सभी शीर्ष नागरिक व सैन्य नियुक्तियों के लिए सीनेट की मंजूरी जरूरी होती है। राजा जे चारी ने मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से एअरोनॉटिक्स में परास्नातक की उपाधि पाई है। इससे पहले मैरीलैंड स्थित यूएस नेवल टेस्ट पायलट स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। वह कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स वायु सैनिक अड्डे पर 461वें फ्लाइट टेस्ट स्क्वाड्रन के कमांडर और ए–35 इंटीग्रेटेड टेस्ट फोर्स के निदेशक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2020 में उन्हें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजे जाने वाले स्पेसएक्स के क्रू–3 मिशन का कमांडर चुना गया था। चारी के पास 2,500 घंटे

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# येरुशलम के पूजा स्थल पर आतंकी हमला, आठ की मौत



**टीम भारत का टाइम/येरुसलम,** इजराइल में फिलिस्तीनी आतंकी संगठनों व इजराइल सेना के बीच घमासान बढ़ता जा रहा है। एक आतंकी हमले के जवाब में इजराइली सेना ने गाजा पट्टी पर बम बरसाए तो आतंकियों ने फिर जवाबी हमला कर दिया है। अब येरुशलम के एक पूजा स्थल पर आतंकियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर आठ लोगों को मार डाला। हमले में दर्जन भर लोग जख्मी हुए हैं जानकारी के मुताबिक गाजा पट्टी में सक्रिय आतंकी संगठन फिलिस्तीनी इस्लामिक जेहाद ने इजराइल पर रॉकेट दागकर हमला किया था। इसके जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी पर बम बरसाए थे, जिसमें दस लोगों के मारे जाने और दो दर्जन से अधिक के घायल होने की जानकारी आई थी। इस हमले में फिलिस्तीनी इस्लामिक जेहाद संगठन के लोग भी मारे गए थे। हमले के 24 घंटे के भीतर इजराइल की राजधानी येरुशलम के बाहरी इलाके नेवे याकोव स्ट्रीट पर स्थित एक पूजाघर पर जोरदार हमला हुआ। पुलिस ने इस हमले को आतंकवादी हमला करार देकर बताया कि एक आतंकवादी कार से पूजाघर पर पहुंचा और ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। अचानक हमले से वहां अफरातफरी मच गयी। चीख-पुकार से भगदड़ मच गयी। बाद में पुलिस ने हमलावर को घेरकर गोलियों से उड़ा दिया। वहां पहुंची चिकित्सा सहायता सेवा की टीम में शामिल चिकित्सकों ने मौके पर ही पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

दो अन्य की अस्पताल जाते समय मौत हो गयी। एक दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। इनमें से 70 साल की एक महिला व 20 साल के एक युवक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हमले में इस्तेमाल की गयी पिस्तौल बरामद कर ली गई है।

# अमेरिका में पुलिस ने अश्वेत युवक को पीट-पीट कर मार डाला, विरोध में लोग सड़कों पर



**वाशिंगटन**

अमेरिका में पुलिस ने एक अश्वेत युवक को पीट-पीट कर मार डाला। उसकी पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद अमेरिका के कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं और प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। अमेरिका के मेम्फिस शहर में 29 वर्षीय अश्वेत युवक टायरी निकोल्स की पुलिस ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। बताया गया कि यातायात नियमों को लेकर हुए विवाद के बाद पांच पुलिसकर्मियों ने निकोल्स को गिरा दिया और फिर पीट-पीट कर मार डाला। इस संबंध में कुछ फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक चित्र में निकोल्स का शव एक कार के सहारे जमीन पर पड़ा है। एक वीडियो में मेम्फिस पुलिस के पांच पुलिसकर्मी पैरों से मारते दिख रहे हैं। वीडियो फुटेज में सुनाई पड़ रहा है कि चुटहिल निकोल्स कराहते हुए अपनी मां को पुकार रहे हैं वे लगातार चार मिनट से अधिक तक पुलिस से पिटते व बचाव के लिए चिल्लाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि पुलिसकर्मियों ने निकोल्स को कार से नीचे उतारा और उनकी पिटाई करने लगे। चार मिनट के अंदर निकोल्स पर नौ बार हमले किये गए।

इस घटनाक्रम का वीडियो सामने आने के बाद अमेरिका में जनाक्रोश उभर कर सामने आ गया है। मेम्फिस और न्यूयार्क समेत कई शहरों में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। मेम्फिस में लोगों ने नारेबाजी करते हुए राजमार्ग बाधित कर दिया। ये लोग हैंड्स अप, शूट मत करो जैसे नारे लगा रहे थे।

# पाकिस्तानी वित्त मंत्री को भरोसा: अल्लाह ने बनाया पाकिस्तान, वही करेंगे रक्षा




**इस्लामाबाद**

गंभीर आर्थिक एवं सामाजिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के वित्त मंत्री को अब इससे निपटने के लिए सिर्फ अल्लाह का भरोसा ही नजर आ रहा है। उन्होंने कहा है कि अल्लाह ने पाकिस्तान बनाया है, वही इसकी रक्षा करेंगे। पाकिस्तान में लगातार आर्थिक संकट कायम है। पिछले दिनों आया भीषण बिजली संकट अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ है। महंगाई चरम पर है और आतंकी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इमरान खान को हटाए जाने के बाद से राजनीतिक संकट भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हालात ये हो गए हैं कि पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों को बस अल्लाह का सहारा ही दिख रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर स्थापित एकमात्र देश है। इसके विकास और समृद्धि के लिए अल्लाह जिम्मेदार है, क्योंकि नकदी संकट से जूझ रहे देश को भुगतान के गंभीर संकट का सामना करना पड़ा है। सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता इशाक डार ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि पाकिस्तान प्रगति करेगा क्योंकि यह इस्लाम के नाम पर बना है। अगर अल्लाह पाकिस्तान बना सकता है तो वह उसकी रक्षा, विकास और समृद्धि भी कर सकता है। इशाक डार ने पाकिस्तान की मौजूदा बदहाली के लिए पांच साल पहले शुरू हुए 'नाटक' को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि यहां के लोगों को अब भी भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस नाटक के पहले 2013-17 के दौरान नवाज शरीफ के कार्यकाल में पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अच्छी हालत में थी। नवाज के शासन में पाकिस्तान तरक्की की राह पर था लेकिन उसे पटरी से हटा दिया गया। लोग देख सकते हैं कि पिछले पांच साल में देश को कितनी बबार्दी का सामना करना पड़ा है।

31

# पाकिस्तान: पेशावर की मस्जिद में बम धमाका, 25 की मौत, सौ से ज्यादा जख्मी



**इस्लामाबाद।** पेशावर की एक मस्जिद में जोरदार धमाका कर आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। धमाके में अबतक 25 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक पेशावर में पुलिस लाइंस इलाके की एक मस्जिद में नमाज के ठीक बाद दोपहर 1.40 बजे एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा कर धमाका कर दिया। धमाके की आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। पेशावर पुलिस लाइन्स में मौजूद लोगों के मुताबिक विस्फोट के बाद आसमान में धूल और धुएं का गुबार छा गया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक आत्मघाती हमलावर मस्जिद में नमाज के दौरान सबसे आगे की लाइन में था। नमाज पढ़ने के बाद उसने स्वयं को उड़ा लिया। घटना के बाद भारी संख्या में शव पड़े दिखे। मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक 25 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। सौ से अधिक घायलों को पेशावर के लेडी रीडिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में 13 की हालत अत्यधिक गंभीर बताई गयी है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। इलाके को सील कर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। घटना को लेकर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का बयान आया है। उन्होंने घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ खुफिया तंत्र को मजबूत करने और पुलिस फोर्स को और उपकरण मुहैया कराने की मांग की।

# नेपाल में कम्युनिस्ट सरकार बनने से चिंतित अमेरिका

**काठमांडू।** अमेरिकी उप विदेश मंत्री विक्टोरिया नुलैंड तीन दिनों के नेपाल दौरे पर हैं और उच्च स्तरीय राजनीतिक मुलाकातों में व्यस्त हैं। नेपाल में कम्युनिस्ट दलों की संयुक्त सरकार से चिंतित अमेरिका की तरफ से एक के बाद दूसरा उच्चस्तरीय दौरा किया जा रहा है। राजनीतिक मामले संबंधी अमेरिकी उप विदेश मंत्री नुलैंड ने सोमवार को प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल से मुलाकात की। इस दौरान अमेरिकी मंत्री ने विश्वास जताया है कि नेपाल अमेरिका को अपनी प्राथमिकता में रखेगा। प्रधानमंत्री के निजी सचिव गंगा दहल ने इस मुलाकात के बारे में बताया कि इस दौरान नेपाल-अमेरिकी संबंध को और मजबूत करने पर बात हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय सूत्र ने बताया कि नेपाल में चीन की सक्रियता पर अमेरिकी उप विदेशमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए अमेरिकी महत्वाकांक्षी परियोजना एमसीसी में आ रहे अवरोध को हटाने और परियोजना से जुड़े कार्यों को निर्बाध रूप से सुचारू करने के लिए आग्रह किया था। इतना ही नहीं अमेरिका की तरफ से कई संवेदनशील मुद्दों पर साथ देने, यूएन में वोटिंग के दौरान अमेरिकी प्रस्तावों का विरोध नहीं करने और नेपाल में शांति प्रक्रिया को लेकर भी जिज्ञासा व्यक्त की थी।

# खराब अर्थव्यवस्था पर पीएम शहबाज की स्वीकारोक्ति को प्रमुखता

## सोने और डॉलर की कीमतों ने भरी उड़ान, रोजमर्रा की चीजें भी हुई महंगी




**नई दिल्ली**

पाकिस्तान से शनिवार को प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अर्थव्यवस्था पर दिए गए बयान को प्रमुखता दी है। उन्होंने कहा कि देश मुश्किल में है। पैसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि उम्मीद है कि आईएमएफ से इसी महीने समझौता हो जाएगा। कंपनियों पर करप्शन के आरोप से चीनी नेतृत्व को तकलीफ पहुंची है। संबंधों को बेहतर बनाने के लिए बर्फ पिघल रही है। यह बयान उन्होंने ग्रीन लाइन ट्रेन सर्विस का उद्घाटन करते हुए दिया है। अखबारों ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के जरिए आसिफ अली जरदारी पर अपनी हत्या के लिए आतंकी संगठन को पैसा देने के आरोप को भी महत्व दिया है। उनका कहना है कि हत्या के प्लान में 4 लोग शामिल हैं। सिंध प्रांत की सरकार का लूटा हुआ पैसा इस्तेमाल किया जा रहा है। मैंने पाकिस्तान की जनता को इससे आगाह कर दिया है ताकि मुझे कुछ हो जाए तो उन्हें इसकी जानकारी रहे। अखबारों ने चुनाव आयोग के जरिए राष्ट्रीय असेंबली की खाली 33 सीटों पर 16 मार्च को उपचुनाव कराए जाने और चुनावी शेड्यूल जारी किए जाने की खबरें दी हैं। अखबारों ने सोने का नया रिकॉर्ड बनाए जाने की खबरें देते हुए बताया है कि एक तोला 2 लाख रुपये से भी अधिक महंगा हो गया है। डॉलर की भी उड़ान जारी है, 259 रुपये का एक हो गया है। अखबारों ने एक हफ्ते के दौरान महंगाई के बढ़ने की खबरें देते हुए बताया है कि 25 वस्तुएं महंगी हुई है, 6 सस्ती हुई हैं। 20 वस्तुओं के दाम स्थिर हैं। एलपीजी और घरेलू गैस की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। टमाटर प्याज जैसी सब्जियां भी महंगी हुई है। अखबारों ने वित्त मंत्री इसहाक डार का एक बयान छापा है जिसमें उन्होंने कहा है कि 5 साल पहले जो ड्रामा शुरू हुआ, पाकिस्तान आज उसके परिणाम भुगत रहा है। हमारी टीम दिन रात मेहनत कर रही है।

पाकिस्तान तरक्की करेगा। हम चाहते हैं कि इलेक्शन से पहले कुछ बेहतर किया जाए। उन्होंने इमरान खान को चैलेंज किया है कि बहस कर लें, झूठ न बोलें, आईना दिखाऊंगा। अखबारों ने गृहमंत्री राना सनाउल्लाह का एक बयान छापा है जिसमें उन्होंने कहा है कि इमरान को पकड़ने का कोई इरादा नहीं है। मगर उनके जो बयानात आ रहे हैं, उससे लगता है कि उन्हें गिरफ्तार हो जाना चाहिए। अखबारों ने पूर्व सूचना प्रसारण मंत्री फव्वाद चौधरी कि पुलिस रिमांड की मांग को अदालत के जरिए रद्द किए जाने की खबरें दी हैं। अदालत ने उनकी हथकड़ी खोलने की भी हिदायत दी है। चौधरी को 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है। अखबारों ने पंजाब के केयरटेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ पूर्व गृहमंत्री शेख रशीद की तरफ से सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाए जाने की खबरें भी दी हैं।

अखबारों ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से खबर दी है जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका भारत पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर लगाई गई पाबंदी का मामला उठाएगा।